दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

नव वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं

### मंत्रिमंडल में सोशल और जियोग्राफिकल इंजीनियरिंग

## मंथन में निकला अमृत

विनायक शर्मा

राजनीति में वैसे तो सोशल इंजीनियरिंग शब्द साठ के दशक के दौरान चर्चित हुआ, अलबत्ता इसे ज्यादा तूल दिया गया उत्तर प्रदेश के मायावती शासन के दौरान। जब तिलक, तराजू और तलवार... की बात करने वाली बहुजन समाज पार्टी ने अन्य पिछड़ों, ठाकुरों और ब्राह्मणों को सत्ता में भागीदार बना जता दिया था कि बिना सोशल इंजीनियरिंग के सत्ता में सफलता संभव नहीं। राजस्थान में जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उपमुख्यमंत्रियों दीया कुमारी व प्रेम चंद बैरवा ने शपथ ली तब लगा तो था कि जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो सवाल उठने लगे। भाजपा के ही सियासी गलियारों में दबी जुबान में आपस में इस विलंब के कारणों पर चर्चा होने लगी, तो विपक्ष यानी कांग्रेस के कैंप से इस देरी को लेकर कई तरह की बयानबाजी खुले तौर पर होने लगी थी। हालांकि, भाजपा आलाकमान की सोच क्या है? वह किसलिए यह वक्त ले रहा है? ऐसे सवालों के जवाब न तो सत्तारूढ़ और ना ही विपक्षी खेमे के पास थे। हालांकि, दिल्ली में मंत्रियों के नामों पर मंथन करने वाले हाईकमान का ध्यान राजनीतिक चर्चाओं की बजाय इस पर रहा कि उम्दा कैबिनेट कैसे बने, और संभवतः इस पर भी कि छह माह में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए हर मतदाता और अंचल को साधा जाए। जब दिल्ली से कैबिनेट की सूची आई और शपथ हुई तब सब चौंक पड़े कि इसमें तो हर अंचल और सामाजिक समीकरण को वाकई शानदार ढंग से साध लिया गया है। इस मंत्रिमंडल में जातिगत आधार पर गौर करें तो सर्वाधिक चार जाट, तीन राजपूत, दो ब्राह्मण, एक-एक वैश्य, कुम्हार, माली सैनी, पटेल, रावत, मीणा, भील, देवासी, जट्ट सिख, विश्नोई, खटीक, धाकड़, मेघवाल और गुर्जर को शामिल किया गया है। शायद ही किसी ने सोचा होगा कि भाजपा हाईकमान प्रदेश में 'जिसके जितने वोट उतना प्रतिनिधित्व' का फॉर्मूला अपना कर उस पर मंथन कर रहा है। अब देखें दूसरा अंचलवार समीकरण, जिसमें ढूंढाड़, मारवाड़, मत्स्य, मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी और बीकाणा... सभी जगह से कैबिनेट में प्रतिनिधित्व मिला है। इतना ही नहीं, इस मर्तबा 'धारा के विरुद्ध' पुरानों की बजाय नयों को तरजीह अधिक दी गई। इससे सियासत में एक संदेश भी गया कि भाजपा आलाकमान ने ध्यान चेहरों और अनुभव की बजाय छवि पर केंद्रित किया। सीनियर्स में भी ऐसे विधायकों को अहमियत दी, जो या तो किराड़ीलाल मीणा और मदन दिलावर जैसे जुझारू हैं, या ऐसे नेताओं को जगह दी, जो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के लिए मतदाताओं को जातीय और विभागीय दोनों समीकरण से साध सकें, यथा राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और गजेंद्र सिंह खींवसर, डिप्टी सीएम दीया कुमारी तो इस फेहरिस्त में हैं ही।

नए चेहरों में भी उनको ही तवज्जो मिली जो कहीं न कहीं, पार्टी लाइन पर खरे उतरे, यानी पूर्व में दल के आंदोलन, यात्राओं आदि में निभाई गई भूमिका पर भी गौर किया गया। छवि तो पहली प्राथमिकता थी ही। अब यदि संख्यात्मक दृष्टिकोण से देखें तो अब भी एक और विस्तार की संभावना बनती है, क्योंकि 30 मंत्री बनाए जा सकते हैं यानी पांच पद अब भी रिक्त हैं। यह भी आलाकमान की शायद लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए दूर की सोच रही कि तब तक वंचित कोई वरिष्ठ नाराजगी भले रखें, लेकिन उम्मीद में चुप रहे, मुखर न हो। लब्बो लुआब यह कि भाजपा आलाकमान ने लंबा मंथन करके 'अमृत' निकाला और सबको साधा, चाहे सोशल हो या जियोग्राफिकल इंजीनियरिंग। अतः सधा ध्येय वाक्य 'सबका साथ-सबका विकास।'

### राजस्थान कैडर के 1991 बैच के आईएएस अफसर है पंत, एक दिन पहले ही केंद्र सरकार ने किया था रिलीव

# प्रदेश के मुख्य सचिव बने सीनियर IAS सुधांश पंत

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश को नए मुख्य सचिव मिल गए हैं। नए साल की पूर्व संध्या पर दिग्गज आईएएस अफसर सुधांश पंत कार्मिक विभाग ने मुख्य सचिव बनाने के आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं।

आईएएस सुधांश पंत को शनिवार रात ही केंद्र सरकार ने रिलीव किया था, तभी से उनके सीएस बनने के कयास लगाए जा रहे थे। पंत को छह सीनियर अधिकारियों पर तरजीह देकर मुख्य सचिव बनाया गया है। पंत मुख्य सचिव पद के साथ ही अध्यक्ष राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड उदयपुर का अतिरिक्त कार्यभार भी देखेंगे। इससे पहले भी सुधांश पंत प्रदेश में लंबे समय तक विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जाने से पहले वे प्रदेश में ही बतौर एसीएस जलदाय विभाग की कमान संभाल रहे थे।



### छह आईएएस की वरिष्ठता पर तवज्जो

पंत ने अपने 6 वरिष्ठ अधिकारियों को पछाड़कर मुख्य सचिव का पद हासिल किया है। मुख्य सचिव की दौड़ में आईएएस सुबोध अग्रवाल, राजेश्वर सिंह, संजय मल्होत्रा और शुभ्रा सिंह थीं। वहीं, प्रदेश में वित्त विभाग को लेकर के चर्चा थी कि यहां वित्तीय प्रबंधन एक्सपर्ट को मुख्य सचिव बनाया जाए। ऐसे में सुधांश पंत को यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

### चार जिलों में रह चुके हैं कलेक्टर

मूलत: यूपी के लखनऊ निवासी सुधांश पंत की राज्य में पहली पोस्टिंग 1993 में जयपुर में एसडीएम के रूप में हुई थी। इसके बाद वे जैसलमेर, झुंझुनूं, भीलवाड़ा और जयपुर में कलेक्टर रहे। पंत जयपुर में जेडीए कमिश्नर की भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसके साथ ही वे कृषि विभाग में कमिश्नर रहे हैं। वहीं वन पर्यावरण विभाग के प्रिंसिपल सचिव और राजस्थान प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन भी रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बुलवाया था दिल्ली

इससे पहले कांग्रेस सरकार से अनबन के कारण अक्टूबर, 2022 एसीएस जलदाय विभाग के पद से हटा दिया था। ऐसे में सुधांश पंत ने केंद्र सरकार में अर्जी लगाई थी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुधांश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पसंदीदा अफसर माना जाता है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली बुलवा लिया था। इस दौरान उन्होंने केंद्र में अलग-अलग पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दी।

### मंत्रिमंडल के गठन के बाद हॉट पॉलिटिक्स

# शपथ लेते ही मंत्रियों ने पूर्व सरकार पर बोला हमला

## गहलोत सरकार को कानून व्यवस्था, अपराध और भ्रष्टाचार पर घेरा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्रिमंडल गठन के बाद अगले दिन ही मंत्रियों ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया हैं। रविवार को कई कैबिनेट और राज्य मंत्रियों ने पूर्व सरकार की लचर कानून व्यवस्था को लेकर घेरा। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के 5 साल में जितने अपराध हुए हैं। इतने अपराध किसी भी सरकार के कार्यकाल में नहीं हुए। महिला व दलित अत्याचार राजस्थान में सबसे ज्यादा हुआ है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक-एक चीज पर ध्यान देकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार राजस्थान को विकास के मार्ग पर ले जाएगी। प्रदेश में जितने भी भ्रष्टाचार के काम हुए और कानून व्यवस्था बिगड़ी है, उन पर सुधार किया जाएगा। वहीं जैतारण विधायक एवं नए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं का रिव्यू करेंगे।

### सनातन का उपहास करने में रहे असफल: दिलावर



कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने सनातन को लेकर उपहास किया, उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि सनातन का कोई नुकसान नहीं कर सकते, लेकिन कुछ लोगों ने इसे बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। मंत्रिमंडल को लेकर उन्होंने कहा कि यह संतुलित और श्रेष्ठ मंत्रिमंडल है और ये प्रदेश की विकास को गति देगा और आगे बढ़ाने का काम करेगा। अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक राहत पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा कमजोर वर्ग का संरक्षण करती आई है और आगे भी करेगी। राजस्थान में अनुसूचित जाति वर्ग कई वर्षों से वंचित रहा है। सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से उनका संरक्षण, संवर्धन नहीं हो पाया है, उसे हमें पूरा करना है।

### दिवालिया होने की कगार पर है राजस्थान: मंत्री नागर



सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने रविवार को प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि आज राजस्थान की अर्थव्यवस्था दिवालिया होने के कगार पर है। नागर ने रविवार को भाजपा कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम के बाद मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि प्रदेश को इस हालात से निकालकर हम परम वैभव पर ले जाएंगे। हम प्रदेश को आगे लेकर जाएंगे और इसमें कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में निश्चित रूप से अनुभवी भी हैं और युवाओं को भी शामिल किया गया है। युवाओं में काम करने की नई उमंग होती है और दिमाग में नए-नए आइडिया होते हैं। उनका भी उपयोग होगा। अनुभवी लिए गए हैं। उनके अनुभव का लाभ नए लोगों को मिलेगा। सब मिलकर राजस्थान को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे।

## टीटी को मंत्री बनाने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में दर्ज करवाई शिकायत



बेधड़क | जयपुर

भजन सरकार के मंत्रीमंडल में श्रीकरणपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को निर्वाचित होने से पहले ही मंत्री बनाने के विरोध में कांग्रेस ने रविवार को चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शिकायत दर्ज करवाई है। चुनाव आयोग से की गई शिकायत में कहा गया कि सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को मंत्री बनाने को आचार संहिता और संविधान का उल्लंघन हो रहा है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। श्रीकरणपुर सीट पर 5 जनवरी को मतदान होना है और उससे ठीक पहले वहां से भाजपा प्रत्याशी को मंत्री पद की शपथ दिलवाना मतदाताओं को प्रभावित करने वाला कदम है। इस संबंध में कांग्रेस की ओर से हाईकोर्ट से भी गुहार लगाई जा सकती है। गौरतलब हैं कि श्रीकरणपुर सीट पर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन हो गया था। इसके चलते वहां 5 जनवरी को मतदान होना है। भाजपा से सुरेंद्रपाल सिंह टीटी प्रत्याशी हैं जबकि कांग्रेस ने गुरमीत सिंह कुन्नर के बेटे रूपेंद्र सिंह कुन्नर को मैदान में उतारा है। भाजपा की भजनलाल सरकार ने श्रीकरणपुर से चुनाव लड़ रहे सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 30 जनवरी को मंत्री पद की शपथ दिलाई है, जिसका कांग्रेस विरोध कर रही है।



## पनगढ़िया वित्त आयोग के चेयरमैन नियुक्त

एजेंसी | नई दिल्ली

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अरविंद पनगढ़िया को फाइनेंस कमीशन का चेयरमैन बनाया गया है। सरकार ने आज एक गजट नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी है। ऋतिक रंजन पांडेय को कमीशन का सेक्रेटरी बनाया गया है। चेयरमैन और कमीशन के दूसरे सदस्यों का कार्यकाल रिपोर्ट सौंपे जाने या 31 अक्टूबर 2025 तक होगा। कमीशन के दूसरे सदस्यों की नियुक्ति के बारे में अलग से नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा।

वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है जिसका गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत किया जाता है। इसका कार्य केंद्र और राज्यों की वित्तीय स्थितियों का मूल्यांकन करना, उनके बीच टैक्स के बटवारे की सिफारिश करना तथा राज्यों के बीच टैक्स के वितरण की रूपरेखा तय करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोंदी ने पनगढ़िया को 2015 में नीति आयोग का पहला वाइस चेयरमैन बनाया था। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में योजना आयोग को खत्म करके उसकी जगह नीति आयोग बनाया गया था।




जयपुर। 2023 के आखिरी दिन राजधानी जयपुर समेत प्रदेश में घना कोहरा देखने को मिला। कई इलाकों में जीरो विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई। सड़कों पर कोहरे की धुंध में लाइट जलाकर वाहनों को निकलना पड़ा। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में नए साल से ही सर्दी जोर पकड़ेगी।

फोटो: राजेश कुमावत

## छह IAS अफसरों के किए तबादले

**जयपुर**। राज्य सरकार ने रविवार देर रात छह आईएएस के तबादले के आदेश भी जारी कर दिए हैं। इनमें श्रेया गुहा को अतिरिक्त मुख्य सचिव सहकारिता विभाग, आनंद कुमार को अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग, अर्चना सिंह को शासन सचिव गृह विभाग, महेंद्र सोनी को अतिरिक्त महानिदेशक एचसीएम रीपा, एच गुईते को आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव निशक्तजन और हरि मोहन मीना को निदेशक पब्लिक सर्विसेज एवं पदेन विशिष्ट शासन सचिव के पद पर लगाया है।

### सैटेलाइट प्रक्षेपण का काउंटडाउन

# 2024 के पहले दिन आज ISRO रचेगा इतिहास, एक्सपोसैट करेगा लॉन्च

- इसरो 2024 में कई अंतरिक्ष मिशनों को देगा अंजाम
- रविवार सुबह से पर शुरू हो गई थी उलटी-गिनती
- श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 9:10 बजे किया जाएगा लॉन्च

एजेंसी | बेंगलुरु

चंद्रयान-3 और आदित्य-एल 1 की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) साल 2024 में भी कई अंतरिक्ष मिशनों को अंजाम देने वाला है। नए साल के पहले दिन सोमवार को पहला एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट (एक्सपोसैट- XPoSat) का प्रक्षेपण किया जाएगा। इसको श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सोमवार सुबह 9:10 बजे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा।



सैटेलाइट के प्रक्षेपण के लिए उलटी-गिनती रविवार सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर शुरू हुई। अक्टूबर में गगनयान परीक्षण यान 'डी1 मिशन' की सफलता के बाद यह प्रक्षेपण किया जा रहा है। इस मिशन का जीवनकाल करीब 5 साल का होगा। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी58 रॉकेट अपने 60वें अभियान पर प्रमुख पेलोड 'एक्सपोसैट' और 10 अन्य उपग्रह लेकर जाएगा जिन्हें पृथ्वी की निचली कक्षाओं में स्थापित किया जाएगा।

इसरो ने कहा कि एक्सपोसैट मिशन पोलारिमेट्रिक अवलोकनों और स्पेक्ट्रोस्कोपिक मापों के साथ मिलकर काम करते हुए वर्तमान सैद्धांतिक मॉडल की सीमाओं को तोड़ने के लिए तैयार है।

### रहस्यमयी दुनिया से उठेगा पर्दा

एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट (एक्सपोसैट) एक्स-रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा। इसरो के अनुसार, यह खगोलीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है।




### नासा ने भी की किया था अध्ययन

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के अलावा अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दिसंबर, 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाली कणों की धाराओं और अन्य खगोलीय घटनाओं का ऐसा ही अध्ययन किया था। इसरो ने कहा कि एक्स-रे ध्रुवीकरण का अंतरिक्ष आधारित अध्ययन अंतरराष्ट्रीय रूप से महत्वपूर्ण हो रहा है और इस संदर्भ में एक्सपोसैक्ट मिशन एक अहम भूमिका निभाएगा।

## जरूरी खबर

### सीएम भजन लाल को दी प्रेस क्लब की मानद सदस्यता



**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से रविवार को उनके आवास पर पिंकसिटी प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अध्यक्ष राधारमण शर्मा और महासचिव रामेन्द्र सोलंकी सहित प्रबन्ध कार्यकारिणी ने उनको प्रेस क्लब की मानद सदस्यता प्रदान की। सीएम को मानद सदस्यता का प्रमाण-पत्र सौंपा। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मोनिका शर्मा, दिनेश कुमार सैनी, विकास आर्य, उमंग माथुर, दिनेश कुमार शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्यों ने सीएम को प्रेस क्लब आने का आमंत्रण दिया। इस पर सीएम ने जल्द ही प्रेसक्लब आने का भरोसा जताया।

### शिक्षकों ने उठाई मकर संक्रांति के अवकाश की मांग

**बेधड़क, जयपुर।** विद्यालय आधारित आकलन में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में संशोधन की मांग को लेकर अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने राज्य परियोजना निदेशक स्कूल शिक्षा परिषद को ज्ञापन सौपा हैं। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति पर शिक्षकों का प्रशिक्षण रखकर पर्व मनाने पर कैंची चला दी। जयपुर शहर, कोटपूतली-बहरोड, जयपुर ग्रामीण, दूदू, दौसा, सीकर में 15 जनवरी को अवकाश की घोषणा कर रखी है, लेकिन मकर संक्रांति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रख दिया। उन्होंने कहा कि मंकर संक्रांति का अवकाश दिया जाना चाहिए।

### अयोध्या से आए पीले अक्षत की निकाली शोभायात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर मे अयोध्या धाम पीले अक्षत की शोभायात्रा रविवार कों नीमड़ी वाले बालाजी मंदिर से निकाली गई। शोभायात्रा इस्कॉन रोड चौराहे तक निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु भजनों की धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। पीले अक्षत को संतों क्री उपस्थिति मे मंदिर मे रखवाया गया। सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान मे निकली शोभायात्रा मे संत मनोहर दास महाराज, पार्षद मुकेश शर्मा, पूर्व कलेक्टर श्याम सुंदर बिस्सा, कारसेवक नरेन्द्र सर्वोदयी, विनोद शर्मा, दीपू सहित हजारों महिला-पुरुष शामिल रहे।

---

### आरएएस मुख्य परीक्षा पर रार: तीन महीने से भी कम समय मिलने का अभ्यर्थी जता रहे विरोध

# तैयारी का नहीं मिला पर्याप्त समय, तिथि आगे बढ़ाने की मांग

**बेधड़क | जयपुर**

लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आरएएस मुख्य परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग को लेकर लगातार विरोध बढ़ता जा रहा हैं। रविवार को प्री-परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर मुख्य परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की पुरजोर मांग उठाई।

वहीं अभ्यर्थियों ने सोशल मीडिया पर खून लिखा लेटर पोस्ट कर अपनी मांग दोहराई। गौरतलब है कि इस बार आरएएस-प्री के रिजल्ट के बाद अभ्यर्थियों को तीन महीने से भी कम समय दिया जा रहा हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि इतने



कम समय में 30 से अधिक विषयो का गहन अध्ध्ययन कैसे हो पाएगा। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार मेंस परीक्षा के लिए 3 महीने से कम वक्त दिया जा रहा है, जो न सिर्फ युवाओं बल्कि राजस्थान के भविष्य के लिए भी ठीक नहीं है। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ के घर के बाहर धरना देकर भर्ती परीक्षा आगे बढ़ने की मांग की थी।

#### प्रिंटिंग प्रेस को लेकर उठाए सवाल

अभ्यर्थियों ने आरोप लगाए की सरकार बदलने के बाद भी वही पेपर बनाने वाले विशेषज्ञ हैं, जिनकी भूमिका संदिग्ध है। ऐसे में उन्हें बदला जाए। नए सिरे से प्रिंटिंग और पेपर बनाने का काम किया जाए। सरकारी सेवा में काम करने वाले परीक्षार्थियों की चुनाव में ड्यूटी लगने की वजह से उन्हें तैयारी का पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाया। प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा के बीच कम से कम 3 महीने का वक्त रहना चाहिए। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आरएएस मुख्य भर्ती परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाया जाए। बता दें कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस मुख्य भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 और 28 जनवरी को किया जा रहा है। इसके खिलाफ प्रदेशभर में युवाओं ने आवाज बुलंद की है। इसके समर्थन में अब तक 15 विधायकों ने भी सरकार को पत्र लिखा है। बावजूद इसके भर्ती परीक्षा की तारीख में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

#### कोर्ट में लंबित हैं याचिकाएं

आरएएस प्रारम्भिक परीक्षा की उत्तर कुंजी में कई त्रुटियां हैं जिसे लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में याचिकाएं लगाई गई है। न्यायालय में चल रहे वाद के चलते अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अभ्यर्थियों की मांग है कि उत्तर कुंजी की त्रुटियों के बारे में फैसला आने के बाद ही मुख्य परीक्षा की तिथि घोषित हो ताकि बार-बार परीक्षा परिणाम में संशोधन नहीं करना पड़े। गौरतलब है कि लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित होने वाली कई भर्तियों के प्रश्नों के उत्तर कोर्ट ने बदले हैं। ऐसे में उत्तरकुंजियों की आपत्तियों पर फैसला नहीं आने से अभ्यर्थी पशोपेश की स्थिति में है।

---

### सीएम ने की जनसुनवाई, अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश


# सांगानेर के लोगों की सुनवाई के लिए अलग से बनेगा केन्द्र

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में मंत्रिमण्डल के गठन के बाद रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने लंबित प्रकरणों के कारणों की जांच करने और लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही अपने अस्थाई निवास में आमजन से मुलाकात करने के साथ में जनसुनवाई कर रहें हैं। सीएम शर्मा प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दे चुके हैं। वे केवल अधिकारियों को निर्देश ही नहीं दे रहे बल्कि फीडबैक भी ले रहे हैं।

#### मंत्रियों के साथ सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'



#### सकारात्मकता बढ़ाता है पीएम का कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 108वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। मुख्यमंत्री निवास (ओटीएस) पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधन को सुना। शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम सदैव ही प्रेरक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला होता है। इस अवसर पर सांसद भागीरथ चौधरी, मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, मदन दिलावर, ओटाराम देवासी, मंजू बाघमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने भी संबोधन सुना। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से 'फिट इंडिया अभियान' पर संबोधित किया।

#### सीहाउसिंग बोर्ड सर्किल-2 कार्यालय में बनेगा सुनवाई केन्द्र

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर के आमजन की समस्याओं की सुनवाई अलग से करेंगे। सीएम के लिए मानसरोवर में जनसुनवाई केन्द्र बनाने का काम शुरू हो गया है। यह केन्द्र मानसरोवर में हाउसिंग बोर्ड सर्किल-2 ऑफिस में बनाया जाएगा, जिसे रविवार को खाली करना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रदेशभर के दूसरे शहरों से आने वाले लोगों की समस्याएं सुनने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री ऑफिस या निवास पर जनसुनवाई करेंगे, लेकिन विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने के लिए अलग जनसुनवाई केन्द्र बनाया जा रहा है। शनिवार देर शाम सांगानेर एसडीएम ने भी यहां का मौका निरीक्षण करने के बाद बोर्ड प्रशासन को ऑफिस खाली करने के निर्देश दिए थे। एक जनसुनवाई केन्द्र प्रताप नगर सेक्टर-11 स्थित सामुदायिक भवन में भी बनाया जा सकता है।

#### सरकार के निर्णय से प्रशासन की मुश्किलें बढ़ी

सांगानेर क्षेत्र के लोगो के लिए अलग से जनसुनवाई केंद्र बनाने को लेकर प्रशंसन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गौरतलब हैं कि मानसरोवर में हाउसिंग बोर्ड के सर्किल-2 ऑफिस में हजारो फाइलें रखी हुई हैं। ऐसे में इन फाइलों को दूसरी जगह शिफ्ट करने से मुश्किलें बढ़ेगी। अब उसे कुछ हिस्से में ही रखा जा रहा है। इस कारण आने वाले समय में अब लोगों को फाइले ढूंढने में ज्यादा परेशानी होगी। बता दे कि मानसरोवर में बीटू बाइपास चौराहे पर हाउसिंग बोर्ड का सर्किल ऑफिस है, यहां जयपुर की मानसरोवर योजना के अलावा अजमेर, किशनगढ़, ब्यावर, नसीराबाद, सीकर, झुंझुनूं की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों का सम्पूर्ण रिकॉर्ड रखा है।

---

### संत बालीदास की जयंती मनाई

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच रही केंद्र की योजनाओं से राहत: बैरवा




बेधड़क, जयपुर। उप मुख्यमुंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि केन्द्र सरकार की लोक कल्याण्कारी योजनाओं का अंतिम पायदान पर बैठे हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाकर राहत देने में कोई कसर नहीं रखी जाएगी। डॉ. बैरवा रविवार को बूंदी में बाईपास रोड़, ट्रक यूनियन के सामने स्थित रामदेवजी मंदिर एवं छात्रावास में 28वें बैरवा दिवस, महर्षि बालीनाथ जयंती एवं सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 36 कौम को साथ लेकर राज्य में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। प्रदेश के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें राहत दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत आयोजित शिविरो में आमजन को केन्द्र सरकार की योजनाओं से बडी राहत मिल रही है। इस यात्रा के माध्यम से किसानों, युवाओं और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा। डॉ. बैरवा ने कहा कि कुरूरीतियों को मिटाते हुए समाज को आगे बढाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए।

#### महापुरुषों के जीवन को करें आत्मसात: बिरला

वेणी माधव सामुदायिक भवन में भी बैरवा महाकुंभ एवं महर्षि बालीनाथ जयंती समारोह आयोजित किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सामाजिक लोकतंत्र के लिए समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे लाना होगा। उन्होंने महर्षि बालीनाथ की प्रेरणा एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक समरसता के दर्शन को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बैरवा समाज द्वारा बालिका छात्रावास की जो नींव रखी गई है उसके निर्माण में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि अटरू, बारां विधायक राधेश्याम बैरवा, केशोरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी, पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा एवं रामगोपाल वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

---

### राजभवन में गूंजी सुंदरकांड की चौपाइयां



*बेधड़क, जयपुर। राजभवन में रविवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल कलराज मिश्र, राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र और दूसरे परिजनों के साथ ही राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियो ने सुन्दरकांड पाठ किया। राज्यपाल मिश्र ने परिजनों सहित सुन्दरकांड से पूर्व भगवान राम और हनुमानजी की वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की।*

---

### आगे चल रहे ट्रेलर ने लगाए ब्रेक तो पीछे टकराई कार

# दो ट्रेलर के बीच में फंसी कार, तीन की मौत

**बेधड़क | सीकर**

जिले के रींगस थाना इलाके में नेशनल हाईवे-52 पर सीमारला जागीर मोड पर भीषण हादसा हो गया। इसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद कार दो ट्रेलरों के बीच में फंस गई। हादसे की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पुलिस ने क्रेन की मदद से घायलों को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, जयपुर से सीकर की ओर जा रहे एक ट्रेलर के चालक ने सिमारला मोड़ कट में अचानक



से ट्रेलर को घुमा दिया। इससे पीछे चल रही कार ट्रेलर से टकरा गई। वहीं कार के पीछे चल रहा दूसरा ट्रेलर भी कार से आकर टकरा गया। इस दौरान कार दोनों ट्रेलरों के बीच में फंस गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कार बुरी तरह पिचक गई और उसमें सवार सभी लोग अंदर फंस गए।

लोगों ने पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने कार सवार सभी घायलों को निकालने के लिए क्रेन को भी बुलाया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कार को ट्रेलर के नीचे से निकाला और सभी घायलों को रींगस सीएचसी में भर्ती करवाया। यहां से डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। एएसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कार में सवार सभी लोग जयपुर से खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। इसमें कार सवार राहुल सिंह (30) पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी करेरी, चौमूं, अमित चौधरी (29) पुत्र रणवीर जाट निवासी भरतपुर और लल्लन (25) पुत्र सूरज निवासी बिहार की मौत हो गई। वहीं नरेंद्र (30) पुत्र रामावतार, कानाराम (35) पुत्र झुथाराम और मौसम (5) घायल हो गए।

---

### नागौर में ट्रिपल मर्डर से फैली सनसनी

# सोते हुए माता-पिता और बहन की कुल्हाड़ी से हत्या

**बेधड़क | नागौर**

जिले में एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां और पिता को कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं आरोपी को अपनी दिव्यांग बहन पर भी तरस नहीं आया और उसकी भी हत्या कर दी।

इस सनसनीखेज वारदात के बारे में जिसने भी सुना वह हैरान रह गया। आरोपी तीनों की हत्या के बाद रातभर शवों के साथ ही रहा और सुबह खुद ही थाने पहुंचकर पुलिस को घटना के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी। आरोपी से

#### आरोपी रातभर शवों के साथ रहा, बिस्कुट खाते हुए पहुंचा थाने



वारदात की जानकारी मिलते ही पादुकलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पादुकलां जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि पादूकलां कस्बे में रहने वाले ज्वेलर्स दिलीप सिंह (42), उसकी पत्नी राजेश कंवर (40) और बेटी प्रियंका (15) पर आरोपी मोहित (20) ने धारदार कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे तीनों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बेटा शनिवार रात तीनों की हत्या करने के बाद रातभर शवों के साथ ही रहा। रविवार सुबह जब दूधवाला आया तो आरोपी मोहित ने उससे कहा कि आज दूध नहीं लेना है, क्योंकि घरवाले बाहर गए हुए हैं। इसके बाद मोहित घर से बिस्कुट खाते हुए पादूकलां थाने पर पहुंच गया। वहां जाकर उसने पुलिस के सामने सारी घटना बता दी।

#### साइको प्रवृत्ति का है आरोपी मोहित

आरोपी के पड़ोसियों ने बताया कि मोहित साइको प्रवृत्ति का है। उसके पिता दिलीप सिंह की ज्वेलर्स कि शॉप थी। मोहित भी इसी शॉप पर बैठता था। वो अक्सर मोबाइल में बिजी रहता था। किसी से ज्यादा बात नहीं करता था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये मामला पारिवारिक विवाद का हो सकता है। पुलिस ने हत्या में काम में ली गई कुल्हाड़ी बरामद कर ली है।

#### परिवार में बची बुजुर्ग दादी और एक पोती

परिवार में तीन सदस्यों की मौत के बाद अब बुजुर्ग दादी और एक पोती ही बचे हैं। दादी को सुबह जानकारी मिली तो वह बेसुध हो गई। दादी-पोती का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि मोहित ने इतनी बड़ी वारदात कर दी। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों में चर्चा रही कि अपाहिज बहन पर तो तरस खाता। फिलहाल, हत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है कि आखिर किन कारणों से उसने इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

---

# मंत्री नागर का कर्मचारी संगठन के किया स्वागत

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा सरकार के मंत्री मंडल गठन के बाद रविवार को कई मंत्रियो के स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुए। सामाजिक, कर्मचारी और राजनितिक संगठनों ने मंत्रियो से मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी।

कैबिनेट मंत्री हीरालाल नागर का राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ की ओर से सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मंत्री बनने के बाद प्रथम बार कार्यालय में स्वागत से गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों



से आशा है कि वे ईमानदारी से राष्ट्रहित में कार्य करेंगे और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने संगठन को पूरी तरह से सहयोग करने की बात कही। इसके बाद संगठन पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने कहा कि हम अपनी ड्यूटी लगन और ईमानदारी से राष्ट्र और राज्यहित में करते रहे हैं और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने में सहयोग करेंगे।

### आधी रात को घुप्प अंधेरे में 2023 को विदाई, जैसे ही गले मिली घड़ी की दोनों सूईया-फैला 2024 का उजाला

# नूवां साल का जशण में डूब्यो जैपर दूध पीयो अर बोल्यो-हैप्पी न्यू ईयर



**बेधड़क** | जयपुर

'आधी रात होने को हुई और एकदम से घुप्प अंधेरा हो गया। जैसे ही 12 बजे घड़ी की दोनों सूईयां गले मिली, खट्ट की आवाज के साथ ही लाइट जली और उजाला फैल गया। इसके साथ ही जश्न में डूब गया जयपुर और हैप्पी न्यू ईयर से गूंज उठा आसमान।' यह नजारा था शहर में साल 2023 को विदाई देने और 2024 के वेलकम सेलेब्रेशन का। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। खास बात यह रही कि लोगों ने दारू की जगह दूध पीकर नव वर्ष का स्वागत किया। इसके लिए विभिन्न संगठनों और भामाशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह काउंटर लगाकर लोगों को दूध पिलाया। इसके साथ ही विभिन्न मंदिरों में भी नए साल पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही पौषबड़ा प्रसादी जैसे आयोजन किए गए। रविवार शाम से ही लोगों के कदम जहां डांस फ्लोर पर जमकर थिरके वहीं सड़कों, गलियों-मोहल्लों में डीजे लगाकर लोगों ने जमकर जश्न मनाया।



### ज्वेलर्स एसोसिएशन ने पिलाया गोदुग्ध



ज्वेलर्स एसोसोसिएशन की ओर से छोटी चौपड़ पर नववर्ष के स्वागत में दूध वितरण किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष डी.पी. खंडेलवाल, सचिव नीरज लुनावत और कन्वीनर राजू मंगोड़ीवाला भी मौजूद रहे। अपराजित फाउंडेशन और हिंदू सेवा मंच की ओर से शाम 6 बजे से महावीर नगर प्रथम स्थित राम मंदिर में सुंदरकांड के पाठ हुए। इसके बाद दूध वितरण किया गया। यूनाइटेड जाट महासभा की ओर से भी टोंक रोड सहित अन्य जगहों पर दूध पिलाकर नववर्ष का स्वागत किया गया। इसके साथ ही श्याम मित्र मंडल, शांति नगर, दुर्गापुरा के तत्वावधान में शांति नगर शॉपिंग सेंटर के बाहर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया।

### राजस्थान नर्सिंग काउंसिल ने भी की पहल



राजस्थान नर्सिंग काउंसिल की ओर से सुश्रुत सभागार के सामने लॉन में एसएमएस अस्पताल, जेएलएन मार्ग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि सवाई मानसिंह चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर अचल शर्मा , नर्सिंग काउंसिल रजिस्ट्रार डॉक्टर शशिकान्त शर्मा , राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी , कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र राणा, नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुंभज, संविदा नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष गिरीश शर्मा, आरयूएचएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य मदन मोहन मीणा ने दूध का वितरण किया।

### पुष्पेंद्र भारद्वाज ने मनाया दूध महोत्सव



कांग्रेस नेता और मिल्क क्लब ऑफ राजस्थान के फाउंडर जनसेवक पुष्पेन्द्र भारद्वाज के नेतृत्व में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों जगहों पर दूध महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम सीटीएस बस स्टैंड सांगानेर पर किया गया। यहां कार्तिकेय भारद्वाज, मुकेश बागड़ी, कमलेश गुर्जर, कैलाश जोशी, वैभव शर्मा, मनोज मीणा, सियाराम शर्मा, महिला ब्लॉक अध्यक्ष इंदु शर्मा, कमलेश जांगिड़ आदि ने दूध से नव वर्ष की शुरुआत करने की अपील की। तेजाजी के मंदिर कल्याणपुरा पर पार्षद शंकर बाजड़ोलिया द्वारा दूध पिलाया गया। भारद्वाज ने बताया कि दूध महोत्सव की शुरुआत उन्होंने ही राजस्थान विश्वविधालय का अध्यक्ष रहने के दौरान की थी।

### संजयनगर व्यापार मंडल ने पिलाया दूध



संजयनगर व्यापार मंडल डीसीएम की ओर से नव वर्ष पर दूध पिलाया गया। संस्कृति युवा संस्था की ओर से संस्था के अध्यक्ष और भाजपा नेता पंडित सुरेश मिश्रा ने नववर्ष का स्वागत 11 शराब की दुकानें और 50 से अधिक स्थानों पर गोल्डन मिल्क पिलाकर किया। इंडियन अस्थमा केयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह और सचिव धर्मवीर कटेवा ने बताया कि इंडियन अस्थमा केयर सोसायटी, राजस्थान युवा छात्र संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आरयू के बाहर शाम छह से रात 12 बजे तक दूध पिलाया गया।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

## पत्थर से कुचल टेम्पो चालक की हत्या

**बेधड़क** | जयपुर

करधनी इलाके के सरना डूंगर में एक युवक ने टेम्पो चालक की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छानबीन कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में करधनी थानाधिकारी उदय सिंह ने बताया कि भीलवाड़ा निवासी बलवीर सिंह (35) की हत्या की गई है। वह खोरा बीसल करधनी में किराए से रहकर सरना डूंगर से चांदपोल रूट नंबर-20 टेम्पो चलाता था। 27 दिसम्बर को दोपहर करीब 3 बजे



सरना डूंगर स्टैंड पर टेम्पू खड़ा कर बलवीर घर आ गया। इस दौरान वह अपने बुआ के लड़के महेन्द्र सिंह और बेटे सूर्य प्रताप के साथ सरना डूंगर स्टेण्ड पर गया था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू कीं अगले दिन सुबह बलवीर सिंह लहूलुहान हालत में टैफनट सोलर एनर्जी के ऑफिस के सामने खाली जगह पर पड़ा मिला। जिसे तुरंत एम्बुलेंस से कांवटिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया के घटनास्थल के आस पास सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पास ही एक युवक दिखाई दिया। इस पर युवक इंद्र शर्मा को हिरासत में ले पूछताछ की तो आरोपी ने शराब के नशे में बलवीर की हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### नौ जिलों में शुरू हुआ कोल्ड डे, मैदानों में जम रही बर्फ

## पौष की ठंड ने दिखाया रंग, शीतलहर ने छुड़ाई कंपकंपी

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में पौष की सर्दी ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को साल 2023 के आखिरी दिन गलन भरी सर्द हवाएं चलने से अधिकतर लोग घरों में ही दुबके रहे। वहीं, ठंडी हवा और कोहरे के कारण रात के साथ दिन में भी ठिठुरन हो गई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राजधानी में दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे आने के कारण गलनभरी सर्दी शुरू हो गई है, जो कि आने वाले सप्ताहभर रहेगी। वहीं, शहर का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस से




नीचे रहा। दिन में हल्के बादल-धुंध रही और शाम होते ही सर्द हवाएं चलनी शुरू हो गई। शहर में अगले कुछ दिन मौसम विभाग ने सर्द हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। प्रदेश भर में शीतलहर जारी है। करीब नौ जिलों में कोल्ड डे शुरू हो चुका है। इन जिलों में मौसम विभाग ने सर्दी का येलो डे घोषित कर दिया है।

### प्रदेश में कई जगह येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने रविवार को राज्य के 9 जिलों में शीतदिन (कोल्ड डे) होने का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें अलवर, भरतपुर, बूंदी, करौली, कोटा, टोंक, चूरू, हनुमानगढ़, गंगानगर शामिल हैं। गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं, चूरू के एरिया में कोहरा रहा। कोहरे के साथ इन जिलों में सर्द हवा भी रात से चलनी शुरू हो गई, जिससे यहां ठिठुरन बढ़ गई।

### माउंट आबू में पारा शून्य पर

माउंट आबू में तापमान जमाव बिंदु पर आया है। यहां, सुबह मिनिमम टेम्प्रेचर 0 डिग्री दर्ज हुआ। तेज सर्दी के कारण यहां की वादियों में ओस की बूंदे बर्फ में तब्दील हो गई। माउंट आबू में इस महीने के 31 में से 12 दिन ऐसे रहे हैं, जब मिनिमम टेम्प्रेचर 0 या उससे नीचे रहा।

### घने कोहरे की चेतावनी

प्रदेश में घने कोहरे का दौर 3-4 दिन जारी रहने की संभावना है। अगले 48 घंटे में राज्य के उत्तरी भागों में अति घना कोहरा (विजिबिलिटी 200 मीटर से कम) भी छाने की संभावना है। अधिकतम तापमान 3-6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ सकता है।

### 43 IAS, 37 IPS और 20 IFS का प्रमोशन

## 100 ऑल इंडिया सेवा अधिकारियों को नव वर्ष का तोहफा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नववर्ष की पूर्व संध्या पर सौ ऑल इंडिया सेवा अधिकारियों को प्रमोशन का तोहफा मिला है। इनमें 43 आईएएस, 37 आईपीएस और 20 आईएफएस को प्रमोशन दिया गया है। कार्मिक विभाग में रविवार रात इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार पांच आईएएस का एबॉब सुपर टाइम वेतन सांखला से सीएस वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है। जिसमें दो आईएएस को केंद्र में डेपुटेशन के कारण प्रोफार्मा प्रमोशन, नौ आइ्रएएस का चयन से सुपरटाइम वेतन शृंखला में प्रमोशन मिला है। इसमें भी एक आईएएस को प्रोफार्मा प्रमोशन दिया गया है। वही, 11 आईएएस का कनिष्ठ से चयन वेतन चयन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है। जिसमें एक आईएएस परफॉर्मा प्रमोशन मिलेगा। साथ ही 13 आईएएस का वरिष्ठ से कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है और पांच आईएएस का कनिष्ठ से वरिष्ठ वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है।



### 20 आईएफएस का भी हुआ प्रमोशन

वहीं चार आईएफएस का वन संरक्षक से मुख्य वन संरक्षक वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है। 6 आईएफएस का चयन से वन संरक्षक वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है। जिसमें दो आईएफएस का प्रोफार्मा प्रमोशनहुआ है। सात आईएफएस का कनिष्ठ प्रशासनिक से चयन वेतन श्रंखला में प्रमोशन, दो आईएफएस का वरिष्ठ से कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रंखला में प्रमोशन और एक आईएफएस का कनिष्क वरिष्ठ वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है।

### इस बार 1994 बैच के IAS बने हैं अतिरिक्त मुख्य सचिव

इस बार 1994 बैच के आईएएस प्रमोशन होकर एसीएस बन गए हैं। इनमें कुलदीप रांका, श्रेया गुहा, आनंद कुमार, केन्द्र में तैनात नरेशपाल गंगवार और रोली सिंह है। इन पांचों आईएएस का अबौव सुपर टाइम वेतन शृंखला से मुख्य सचिव वेतन शृंखला में प्रमोशन किया जाएगा। 2000 बैच की आईएएस मंजू राजपाल सचिव से प्रमुख सचिव बनेगी। इनके साथ प्रतिनियुक्ति पर तैनात देबाशीष पृष्टि को भी परफॉर्मा प्रमोशन मिल सकता है। इन दोनों आईएएस का सुपर टाइम से अबॉव सुपर टाइम स्केल में प्रमोशन होगा। दस आईएएस विशिष्ट सचिव से सचिव पद पर प्रमोट होंगे। इनमें 2008 बैच के राजन विशाल, अर्चना सिंह, मोहनलाल यादव, महेन्द्र सोनी, जयपाल सिंह, शैली किशनानी, सुषमा अरोड़ा, रश्मि गुप्ता, वंदना सिंघवी वि. सचिव से सचिव बनेंगे।

### ये चयन से सुपर टाइम वेतन शृंखला में होंगे प्रमोट

आईएएस मुक्तानंद अग्रवाल अभी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर है। ऐसे में उन्हें परफॉर्मा प्रमोशन दिया जाएगा। साथ ही 2011 बैच के 12 IAS कनिष्ठ प्रशासनिक से चयन वेतन शृंखला में पदोन्नत होंगे। इनमें नकाटे शिवप्रसाद मदन, भगवती प्रसाद कलाल, संदेश नायक, शिवांगी स्वर्णकार, अनुपमा जोरवाल, एच गुइटे, ताराचंद मीणा, हरिमोहन मीणा, नरेन्द्र गुप्त, प्रेमसुख बिश्नोई, अनिल कुमार अग्रवाल है। से सभी विशिष्ट सचिव बनाए जाएंगे। वहीं अभिमन्यु कुमार केन्द्र में तैनात है। ऐसे में उन्हें परफॉर्मा प्रमोशन मिलेगा 2015 बैच के 13 आईएएस वरिष्ठ से कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन शृंखला में होंगे। जिनमें प्रमोट नीलाभ सक्सेना, डॉ. निशांत जैन, डॉ. खुशाल यादव, लोकबंधु, सौरभ स्वामी, पूजा कुमारी पार्थ, अंजलि राजोरिया, इंद्रजीत यादव, डॉ.घनश्याम, सीताराम जाट, हेमपुष्पा शर्मा, शरद मेहरा और डॉ. ओ. पी. बैरवा प्रमोट होंगे। 2020 बैच के पांच आईएएस कनिष्ठ से वरिष्ठ होंगे, जिनमें सोहनलाल, डॉ. धीरज कुमार सिंह, सिद्धार्थ पलानीचामी, प्रतिभा वर्मा और मृदुल सिंह को वरिष्ठ वेतन शृंखला मिलेगी।

### किसका किस वेतन शृंखला में प्रमोशन

आईपीएस अधिकारियों में चार आईपीएस का महानिरीक्षक से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है। जिसमें एक आईपीएस को प्रोफार्मा प्रमोशन, पांच आईपीएस का उप महानिरीक्षक से महानिरीक्षक पुलिस वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है। जिसमें दो आईपीएस को प्रोफॉर्मा प्रमोशन और 8 आईपीएस को चयन से उप महानिरीक्षक वेतन श्रंखला में प्रमोशन हुआ है। एक आईपीएस को प्रोफार्मा प्रमोशन, 10 आईपीएस को कनिष्ठ प्रशासनिक से चयन वेतन श्रंखला में प्रमोशन, 14 आईपीएस को वरिष्ठ से कनिष्ठ वेतन श्रंखला में प्रमोशन किया है। जिनमें एक आईपीएस को प्रोफार्मा प्रमोशन और छह आईपीएस का कनिष्ठ से वरिष्ठ वेतन श्रंखला में प्रमोशन किया है।

तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

श्री राजेंद्र प्रसाद व्यास


सुपुत्र स्व श्री जगदीश प्रसाद शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 29.12.2023 की रात्रि को हो गया है, जिनकी तीये की बैठक सोमवार दिनांक 01.01.2024 को सायं 4 से 5 बजे तक जेडीए पार्क, पंचवटी कॉलोनी, गुर्जर की थड़ी पर रखी गई है।

शोकाकुल

उर्मिला देवी (धर्मपत्नी ), सुरेंद्र प्रसाद शर्मा-सूरज देवी (भ्राता), अनिल-विजयलक्ष्मी, दीपक-गीतू, पुष्पेंद्र-प्रिया, टिंकू-राजकमल, धर्मेंद्र-योगिता (पुत्र-पुत्रवधू), निशा-अजय जी (पुत्री-दामाद ), उदित, पार्थ, मोहित (पौत्र), भाविका, तनिष्का, माही, वसुंधरा, टीशा (पोत्री) एवं समस्त फ़टवाड़या व्यास परिवार (बसवा वाले)

मो. 9001094146

# वार्षिक राशिफल 2024




**डॉ. लता श्रीमाली**
केपी एवं वैदिक ज्योतिष विशेषज्ञ
पीएच.डी. (ज्योतिष), एम.ए.संस्कृत/ज्योतिष, एलएल.बी., विशिष्ट उपाख्य ज्योतिष/वास्तु, संगीत विशारद वायलिन

डी- 669, मालवीय नगर, जयपुर, राजस्थान।
**9414543345**






**नया साल 2024 शुरू हो गया है। यह वर्ष सभी राशियों के लिए मिले-जुले परिणाम लेकर आने वाला है। लोगों के मन में बीते साल अपने जीवन में घटित तमाम तरह की घटनाओं की यादें जरूर ताजा हो जाती हैं। बीते साल जीवन में हासिल होने वाली उपलब्धियां और मिलने वाली कई तरह की नाकामियां दोनों ही जेहन में जरूर रहती हैं। वहीं दूसरी तरफ नए साल को लेकर लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल, उत्सुकता, उमंग और नई आशाएं भी आती हैं। लोगों के मन में आने वाला नया साल हमारे पूरे जीवन के लिए कैसा रहेगा ? आर्थिक रूप से नया साल मजबूत रहेगा या नहीं? जीवन में कौन-कौन सी उपलब्धियां हासिल होंगी? सेहत कैसी रहेगी, प्रेम जीवन के लिहाज से आने वाला साल कैसा रहेगा? नया वर्ष 2024 आप सभी के लिए कैसा रहेगा आइए करते हैं इसका ज्योतिषीय विश्लेषण...**

## वार्षिक राशिफल विक्रम संवत 2081 सन 2024



## मेष राशि

### पारिवारिक जीवन

मई माह तक अविवाहित व्यक्तियों के विवाह में बंधन के योग बनते हैं। सप्तम भाव पर भाग्येश बृहस्पति की दृष्टि पारिवारिक जीवन में सुख एवं शांति का वातावरण बनाए रखेगी। कुटुंब में हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण तथा आपसी मेलजोल बना रहेगा। शुभ मांगलिक कार्यों एवं अवसरों पर जाने के योग बनेंगे। सप्तमेश शुक्र का अप्रैल, जून एवं सितंबर माह का शुभ गोचर जीवनसाथी के साथ अत्यधिक प्रसन्नता एवं सुख का अनुभव प्रदान करेगा।

### नौकरी एवं व्यवसाय

वर्ष के आरंभ में आपके भाग्येश बृहस्पति का अप्रैल तक लग्न में स्थित होकर भाग्य स्थान पर दृष्टि जहां आपके भाग्य में वृद्धि करेगी वहीं कर्म भाव के स्वामी शनि का स्व राशि में लाभ भाव में गोचर भ्रमण व्यवसाय नौकरी में लाभ देने वाला रहेगा। नौकरी में आनंद का अनुभव करेंगे। मई के पश्चात बेरोजगार वर्ग को नई नौकरी प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वाले व्यक्तियों की पदोन्नति होने के योग बनेंगे। अप्रैल, अगस्त एवं नवंबर माह में स्थानांतरण के योग बन सकते हैं। कार्य स्थल पर पराक्रम बढा-चढ़ा रहेगा। उच्च अधिकारी प्रसन्न रहने से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। नया व्यापार भी आरंभ कर सकते हैं। जो आपके लिए लाभप्रद एवं अनुकूल रहेगा। व्यापारी वर्ग के लिए दिन प्रतिदिन की आमदनी में भाग्य से वृद्धि होती रहेगी एवं व्यापार में अप्रत्याशित लाभ प्राप्त करेंगे।

### आर्थिक स्थिति

बृहस्पति का धन भाव से गोचर भ्रमण नई नौकरी लगने या पदोन्नति होने से धन में वृद्धि करेगा। व्यापार में अनुकूलता बनी रहने तथा दिन प्रतिदिन की आमदनी में वृद्धि होने से भी आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी। मई माह तक हवन, यज्ञ, धार्मिक यात्राएं एवं शुभ कार्यों में धन का व्यय होगा।

### शिक्षा

भाग्येश बृहस्पति की मई माह तक पंचम भाव पर दृष्टि शिक्षा के लिए अत्यधिक अनुकूलता प्रदान करेगी। प्रतियोगिता परीक्षा में अनुकूल परिणाम प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। अध्ययन में एकाग्रता बनी रहेगी। उच्च शिक्षा तथा विदेश में शिक्षा के योग भी बन सकते हैं। मई माह के पश्चात शिक्षा की दृष्टि से समय अत्यधिक अनुकूल नहीं रहेगा।

### प्रेम संबंध

आपकी राशि से अप्रैल माह तक बृहस्पति का गोचर भ्रमण प्रेम संबंधों के लिए अत्यंत सुखद रहेगा। अविवाहितों के लिए प्रेम संबंधों की परिणति विवाह बंधन में बंधने के योग भी बनाती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहने से मन प्रसन्न रहेगा। मई माह पश्चात शनि की दृष्टि के कारण प्रेम संबंधों में कभी-कभी तनाव का अनुभव करेंगे।

### स्वास्थ्य

राशिपति मंगल अप्रैल एवं मई माह में अनुकूल नहीं रहने से स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर एवं थकान भरा महसूस करेंगे। शरीर में अत्यधिक गर्मी का अनुभव करेंगे। अनिद्रा एवं गले संबंधी विकारों से पीड़ित रह सकते हैं। नवंबर, दिसंबर माह भी स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है।

**उपाय:** संकट के समय चमेली के तेल से हनुमान जी के अभिषेक करते हुए हनुमानाष्टक का पाठ करें।



## वृष राशि

### पारिवारिक जीवन

जीवन साथी से अनावश्यक बातों पर मनमुटाव चलता रहेगा। मानसिक अशांति महसूस करेंगे। मई माह पश्चात राहत का अनुभव करेंगे। घर के बजाय घर से बाहर आनंद की अनुभूति करेंगे। अविवाहितों के विवाह में बंधने के योग बन सकते हैं। व्यापार में साझेदारी करने से हानि हो सकती है। वाणी पर संयम रखना हितकर होगा। शुभ मांगलिक कार्यों में जाने के अवसर प्राप्त होंगे।

### नौकरी एवं व्यवसाय

आपकी राशि से लाभ स्थान में राहु की गोचर में उपस्थिति एवं कर्म भाव के स्वामी शनि का स्वग्रही होना नौकरी के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यस्थल पर प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। उच्च अधिकारियों की कृपा प्राप्त होगी। पराक्रम बढ़ा चढ़ा रहेगा। बृहस्पति का आपकी राशि से व्यय भाव में गोचर शत्रुओं की वृद्धि कर सकता है। शत्रु आपकी प्रत्येक कार्य योजना को विफल करने की कोशिश करेंगे। लेकिन विरोधियों को आप परास्त करने में सफल रहेंगे। व्यापार में दिन प्रतिदिन की आमदनी में संशय बना रहेगा एवं नया व्यापार करना हितकर नहीं होगा। मई माह पश्चात व्यापारिक दृष्टि से समय अनुकूल बना रहेगा।

### आर्थिक स्थित

धन को लेकर चिंता बनी रहेगी। मई माह से पूर्व प्रॉपर्टी खरीदने या भवन निर्माण कार्य के योग बनेंगे। वाहन खरीदने के योग भी बन सकते हैं जिसके लिए आपको ऋण लेना पड़ सकता है। शुभ मांगलिक कार्यों में धन व्यय होगा। मई माह के पश्चात धार्मिक कार्यों, धार्मिक यात्राओं में धन व्यय होगा। लंबी दूरी की यात्राएं करेंगे तथा मौज शौक में धन अधिक व्यय होगा।

### शिक्षा

अध्ययन में एकाग्रता की कमी बनी रहेगी। विषयों के चयन को लेकर असमंजस, भ्रम की स्थिति बनी रहेगी। निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। एकाग्रता में कमी के कारण परीक्षा परिणाम अनुकूल प्राप्त नहीं होंगे। परीक्षाओं के परिणाम अनुकूल ना रहने से चिंता रहेगी। मई माह पश्चात स्थिति में सुधार होगा एवं अनुकूल परिणाम प्राप्त होने प्रारंभ होंगे।

### प्रेम संबंध

प्रेम संबंधों में आपसी विश्वास की कमी रहेगी। साथी की गतिविधियों पर संदेह करने के कारण मनमुटाव चलता रहेगा। प्रेम संबंधों में कटुता बढ़ेगी। मई माह पश्चात स्थिति में सुधार होगा एवं संबंध सुधरने आरंभ होंगे। तत्पश्चात प्रेम संबंधों की परिणति विवाह बंधन में बंधने में हो सकती है।

### स्वास्थ्य

वर्ष के आरंभ में राशिपति शुक्र का धनु राशि से गोचर मानसिक तनाव दे सकता है। जुलाई एवं सितंबर माह में शारीरिक कमजोरी थकान अधिक महसूस करेंगे। अप्रैल माह तक छोटे-मोटे रोगों से पीड़ा महसूस करेंगे। शेष समय स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुकूल बना रहेगा।

**उपाय:** प्रतिदिन श्री सूक्त का पाठ करना लाभदायक होगा।



## मिथुन राशि

### नौकरी एवं व्यवसाय

बृहस्पति का लाभ भाव से गोचर भ्रमण वर्ष के आरंभ में कार्यस्थल पर मन प्रसन्न रखेगा। उच्च अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पराक्रम बढ़ा चढ़ा रहेगा। राहु के गोचर भ्रमण के कारण कार्यस्थल पर विरोधियों द्वारा नित नए षड्यंत्र करने से मानसिक शांति भंग होगी। विरोधी आपकी प्रत्येक कार्य योजना को विफल करने की कोशिश करेंगे। मई माह तक व्यवसाय व्यापार की दृष्टि से समय अत्यंत अनुकूल रहेगा। दिन प्रतिदिन की आमदनी में वृद्धि होती रहेगी।

### पारिवारिक जीवन

इस वर्ष अप्रैल माह तक पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखद रहेगा। मौज शौक में दिन व्यतीत होंगे। संतान संबंधी चिंता का निवारण होगा। भाई बहनों से संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। अप्रैल पश्चात जीवन साथी के साथ वैचारिक मतभेद बढ़ने से मन खिन्न बना रहेगा।

### आर्थिक स्थित

अप्रैल माह पश्चात प्रॉपर्टी खरीदने के योग बनेंगे या भवन निर्माण कार्य में व्यय हो सकता है। प्रॉपर्टी में निवेश करने हेतु ऋण लेना पड़ सकता है। शुभ और मांगलिक कार्यों में धन का अत्यधिक व्यय होगा। छोटी दूरी की यात्राएं एवं धार्मिक यात्राओं में धन व्यय होगा।

### शिक्षा

अप्रैल माह तक अध्ययन में एकाग्रता बनी रहेगी। परीक्षा परिणाम अनुकूल प्राप्त होंगे। उच्च अध्ययन के योग बनेंगे। संतान संबंधी शिक्षा की चिंता का निवारण होगा। अप्रैल माह पश्चात शिक्षा की दृष्टि से समय अनुकूल नहीं रहेगा। अध्ययन में व्यवधान पैदा होंगे।

### प्रेम संबंध

मार्च, अप्रैल माह प्रेम संबंधों के लिए अत्यंत अनुकूल रहेगा। बाकी समय उतार-चढ़ाव वाला बना रहेगा। साथी से मतभेद मनमुटाव चलते रहेंगे।

### स्वास्थ्य

वाहन चलाते समय सावधानी रखना हितकर होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। कार्य की अधिकता के कारण थकान एवं शारीरिक कमजोरी महसूस करेंगे।

**उपाय** बुधवार को किसी भी जानवर या पक्षी को सप्त धान के आटे की रोटी बनाकर खिलाएं।



## कर्क राशि

### नौकरी एवं व्यवसाय

नौकरी एवं व्यवसाय:-अप्रैल माह तक कार्यस्थल पर शत्रु आपको हानि पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन विफल रहेंगे। सफलता आपको प्राप्त होगी। दशम भाव से भाग्येश बृहस्पति का गोचर भ्रमण आपके लिए अत्यंत अनुकूल रहेगा। इस वर्ष आप कोई नया उच्च पद या नयी जिम्मेदारी प्राप्त कर सकते हैं। अप्रैल माह पश्चात बृहस्पति का लाभ स्थान से गोचर भ्रमण भाग्य में अत्यंत वृद्धि कर प्रत्येक कार्य में लाभ प्रदान कराएगा।

### पारिवारिक जीवन

सप्तमेश शनि का अष्टम भाव से गोचर भ्रमण के कारण जीवनसाथी से व्यर्थ के विवाद से मानसिक अशांति महसूस करेंगे। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद बने रहने से दूर रहने के योग बनेंगे। घर के बजाय घर से बाहर प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। जीवनसाथी की वाणी में कटुता के कारण घर में कलहपूर्ण वातावरण बना रहेगा। अप्रैल माह पश्चात घर में सुखद वातावरण बना रहेगा। जीवनसाथी के व्यवहार में भी परिवर्तन आएगा। अविवाहितों के वैवाहिक जीवन में बंधने के योग बनेंगे।

### आर्थिक स्थित

इस वर्ष आर्थिक रूप से आप अत्यंत समृद्ध एवं भाग्यशाली महसूस करेंगे। धन भाव पर भाग्येश बृहस्पति की दृष्टि भाग्य से धन प्राप्ति की और इंगित करती है। संचित धन में वृद्धि होगी। बैंक बैलेंस भरा हुआ रहेगा। व्यय कम एवं धन की प्राप्ति अधिक होगी। आय के अनेक स्रोतों से धन की प्राप्ति होने से मन प्रसन्न रहेगा। पदोन्नति या नयी नौकरी प्राप्त होने से आय में वृद्धि भी होगी।

### शिक्षा

अप्रैल माह से पूर्व शैक्षणिक कार्यों में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न होंगी। मई माह पश्चात शिक्षा के लिए अत्यंत अनुकूल समय रहेगा। उच्च अध्ययन के योग बनेंगे।अध्ययन में एकाग्रचित्तता बनी रहेगी। परीक्षा परिणाम अनुकूल रहेंगे। विदेश में उच्च अध्ययन के लिए भी जाने के योग बन सकते हैं। संतान की शिक्षा संबंधी चिंता का निवारण होगा। मनोवांछित संस्थान में प्रवेश भी संभव होगा।

### प्रेम संबंध

शनि, बृहस्पति एवं राहु की पंचम भाव पर दृष्टि प्रेम संबंधों के लिए मिश्रित फल देने वाली है। परस्पर प्रेम भी अत्यधिक रहेगा। किंतु अनावश्यक संदेह,वहम के कारण प्रेम संबंधों में परस्पर झगड़े के पश्चात पुनः सुलह होने के योग बनते रहेंगे।

### स्वास्थ्य

एलर्जी, जुकाम संक्रमण से बार बार पीड़ित रहने के कारण अस्वस्थ महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से छोटी-मोटी चोट लगने की संभावना बनी रहेगी। जीवनसाथी का स्वास्थ्य भी अनुकूल नहीं रहेगा। पेट संबंधी परेशानी चलती रहेगी। अतः खान-पान में सावधानी रखना हितकर होगा। गले संबंधी रोग भी उत्पन्न होंगे।

**उपाय** माता के पैर छूकर,आशीर्वाद लेकर शिव जी के काले तिल मिश्रित दूध एवं जल से सोमवार को अभिषेक करें।



## सिंह राशि

### पारिवारिक जीवन

सप्तमेश शनि के सप्तम भाव से ही गोचर करने के कारण घर का वातावरण सुखद रहेगा। जीवन साथी के साथ प्रेम सौहार्द बना रहेगा। भाई बहनों से संबंध मधुर रहने के साथ ही उनसे लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों से भी लाभ प्राप्त होगा। मित्र प्रत्येक कार्य में आपके सहयोगी सिद्ध होंगे। राहु का आपकी राशि से अष्टम भाव से गोचर भ्रमण के कारण कुटुंब जनों से व्यर्थ का विवाद हो सकता है। अतः वाणी पर संयम रखना आवश्यक होगा।

### नौकरी एवं व्यवसाय:

मई माह तक कार्यस्थल पर उच्चाधिकारियों की प्रसन्नता के कारण सुख का अनुभव करेंगे। मनमानी करने एवं राजनीति करने के कारण मई माह पश्चात कार्यस्थल पर शत्रुओं की वृद्धि होगी। एवं शत्रु आपके प्रत्येक कार्य में बाधा डालने की कोशिश करेंगे। पदोन्नति के योग बनेंगे। धन में वृद्धि होगी। मान सम्मान में वृद्धि होगी। अप्रैल,अगस्त,अक्टूबर माह में स्थानांतरण के योग बन सकते हैं। नया व्यवसाय प्रारंभ करना सफल रहेगा। नया व्यवसाय आरंभ करने के लिए ऋण लेना भी पड़ सकता है।

### आर्थिक स्थिति

अप्रैल माह के पश्चात बृहस्पति के धन भाव पर दृष्टि के कारण संचित धन में वृद्धि होगी। नौकरी पेशा वर्ग के पदोन्नति के कारण आमदनी में वृद्धि होगी। एक से अधिक आय के स्रोत बनेंगे। जिससे धन आगमन होगा।

### शिक्षा

मई माह तक शिक्षा की दृष्टि से समय अत्यंत अनुकूल बना रहेगा। बृहस्पति की पंचम भाव पर दृष्टि शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता की ओर अग्रसर करेगी। प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम अनुकूल रहेंगे। संतान की शिक्षा संबंधी चिंता का निवारण होगा।

### प्रेम संबंध

बृहस्पति की अनुकूल दृष्टि सात्विक प्रेम में वृद्धि करेगी। प्रेम संबंधों में अत्यधिक सुख प्राप्त होगा। मौज शौक में समय व्यतीत होगा। जुलाई माह पश्चात परिस्थितियों में परिवर्तन होगा।

### स्वास्थ्य

स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वर्ष अनुकूल नहीं रहेगा। शनि की आपकी राशि पर दृष्टि के कारण दीर्घकालिक रोगों से पीड़ित रहेंगे। अत्यधिक गुस्से के कारण मानसिक पीड़ा महसूस करेंगे। नेत्र पीड़ा, नेत्र संबंधी रोग से परेशान रहेंगे। तथा गले के विकार एवं वाणी में कटुता बढ़ेगी।

**उपाय** पिता की सेवा करने के साथ ही सूर्य भगवान के प्रतिदिन जल चढ़ाकर आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ करें।



## कन्या

### पारिवारिक जीवन

राहु के सप्तम भाव पर से गोचर होने के कारण जीवनसाथी के प्रति संदेह, भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी। जिससे परस्पर वैचारिक मतभेद बढ़ेंगे। घर में कलह का वातावरण बना रहेगा। वाणी पर संयम न रहने से परस्पर झगड़े होते रहेंगे। एक ही घर में दूर-दूर रहने के योग बनेंगे। पारिवारिक सुख में कमी महसूस करेंगे। जून माह पश्चात स्थिति में सुधार होना आरंभ होगा। धार्मिक अनुष्ठानआदि पर व्यय होगा।

### नौकरी एवं व्यवसाय

आपकी राशि से शनि का छठे भाव से गोचर भ्रमण नौकरी के लिए अत्यंत अनुकूल रहेगा। पिछले शत्रु परास्त होते हुए नजर आएंगे। एवं आप उन पर सफलता प्राप्त करते हुए नजर आएंगे। अप्रैल माह तक झूठी बदनामी के योग बन सकते हैं अतः सावधानी बरतना हितकर होगा। मई माह पश्चात पराक्रम में वृद्धि होगी। नया पद, नई जिम्मेदारी प्राप्त होने के साथ प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। शनि का छठे भाव से गोचर एवं बृहस्पति का नवम भाव से गोचर संपूर्ण वर्ष आपको मान प्रतिष्ठा सहित सभी सुख प्रदान करेगा। कार्यस्थल पर आपको महत्वपूर्ण व्यक्ति समझा जाएगा।

### आर्थिक स्थिति

बृहस्पति की धन भाव पर दृष्टि से धन में वृद्धि के साथ संचित धन में वृद्धि होगी। कुटुंब जनों में मांगलिक कार्य पर धन व्यय होगा। छोटी दूरी की यात्राओं पर धन व्यय होगा तथा दिन प्रतिदिन की आमदनी में वृद्धि होगी।

### शिक्षा

वर्ष के आरंभ में शिक्षा में व्यवधान आएंगे। अध्ययन में एकाग्रता की कमी रहेगी। परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं रहेंगे। अप्रैल माह पश्चात समय पक्ष का होता जाएगा। मनोवांछित संस्थान में प्रवेश प्राप्त करना संभव हो सकेगा। उच्च अध्ययन के योग भी बन सकते हैं।

### प्रेम संबंध

अप्रैल तक सावधान रहने की आवश्यकता है। झूठी बदनामी के योग बन सकते हैं। परस्पर वैचारिक मतभेद रहने से प्रेम संबंधों में सुख प्राप्त नहीं होगा। जून माह पश्चात स्थिति में सुधार होगा एवं प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

### स्वास्थ्य

इस वर्ष आप मानसिक दृष्टि से अधिक पीड़ित रहेंगे। प्रत्येक कार्य में संशय एवं भ्रम की स्थिति बनी रहेगी। मानसिक पीड़ा के कारण थकान एवं शारीरिक कमजोरी महसूस करेंगे। स्वास्थ्य खराब बना रहेगा लेकिन रोग का निर्धारण करने में विफल रहेंगे।

**उपाय** बुधवार को गाय को चारा खिलाएं।

# वार्षिक राशिफल 2024





नया साल 2024 कल से शुरू हो रहा है। यह वर्ष सभी राशियों के लिए मिले-जुले परिणाम लेकर आने वाला है। 2024 का कुल योग 08 है, जो शनि का अंक है। नया साल 2024 शनि और मंगल से प्रभावित रहेगा। इस वर्ष देश दुनिया में बड़े बदलाव होंगे। दुर्घटनाओं और युद्ध जैसी स्थिति बन सकती है। इस वर्ष मेहनत करने से ही लाभ हो सकता है। हालांकि कुछ राशियों में रोजगार की प्रबल व्यवस्था होने वाली है। खासतौर से यह साल मेष, मिथुन और धनु राशि वालों के लिए अधिक शुभ रहेगा।इस वर्ष शनि कुम्भ राशि में विद्यमान रहेंगे। बृहस्पति आरम्भ में मेष राशि में रहेंगे और बाद में वृष राशि में चले जाएगे। राहु मीन राशि में और केतु कन्या राशि में रहेंगे। ग्रहों के अनुसार, नया साल अप्रैल के बाद देश दुनिया में बड़े परिवर्तन दिखा रहा है।

**वार्षिक राशिफल विक्रम संवत 2081 सन 2024**



## तुला राशि

### पारिवारिक जीवन

इस वर्ष अप्रैल माह से पूर्व अविवाहितों के विवाह बंधन में बंधने के योग बनेंगे। बृहस्पति के सप्तम भाव से गोचर के कारण जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे एवं पारिवारिक जीवन में प्रेम एवं सौहार्द का वातावरण बना रहेगा। मनोनुकूल परिस्थितियां बने रहने से घर का वातावरण सुखद रहेगा। जुलाई माह पश्चात भाई बहनों के साथ संबंध मधुर नहीं रहेंगे। अनावश्यक वाद विवाद के कारण कुटुंब में अशांति बनी रहेगी। भाइयों से संपति विवाद को लेकर व्यर्थ के विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। मित्र भी आपके शत्रु बनते हुए प्रतीत होंगे।

### नौकरी एवं व्यवसाय

व्यापारी वर्ग के लिए यह वर्ष अत्यंत उत्तम रहने वाला है। दिन प्रतिदिन की आमदनी में अत्यधिक वृद्धि बने रहने से प्रसन्नता होगी। नया व्यवसाय आरंभ करने पर अत्यंत सफलता प्राप्त होगी। लोहे संबंधी व्यापार में हानि होने की संभावना रहेगी। नौकरी पेशा वर्ग के लिए यह वर्ष सामान्य रहने वाला है। राहु के छठे भाव से गोचर के कारण कार्यस्थल पर शत्रु षड्यंत्र करने में सफल होंगे। आपका अधिकांश समय कार्यस्थल पर शत्रुओं के षड्यंत्र से बाहर निकलने में ही व्यतीत होगा। अतः कार्यस्थल पर किसी भी व्यक्ति पर विश्वास करने से बचें एवं प्रत्येक कार्य सोच समझकर करें अन्यथा झूठी बदनामी के योग भी इस वर्ष बन सकते हैं। फरवरी, अप्रैल एवं अक्टूबर माह में स्थानांतरण के योग बन सकते हैं।

### आर्थिक स्थिति

आर्थिक स्थिति:-बृहस्पति एवं शनि दोनों की धन भाव पर दृष्टि के कारण धन के संबंध में मिश्रित फल प्राप्त होंगे। आय एवं व्यय बराबर रहेंगे। इस वर्ष जमीन, मकान या वाहन क्रय करने के योग बनेंगे। किसी नये निर्माण कार्य या शुभ मांगलिक कार्यों में धन व्यय होगा।

### शिक्षा

शिक्षा:-इंजीनियरिंग करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष अत्यंत अनुकूल रहेगा। अन्य वर्ग वाले विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक कार्य, परिणाम विलंब से होते प्रतीत होंगे। प्रतियोगिता परीक्षा के परिणामों में विलंब रहेगा जिससे अनावश्यक चिंता बनी रहेगी। संतान की शिक्षा संबंधी चिंता का निवारण होगा। शैक्षणिक कार्यों में परिश्रम अधिक एवं फल प्राप्ति कम होगी।

### प्रेम संबंध

प्रेम संबंध:-बृहस्पति का अष्टम भाव से गोचर भ्रमण प्रेम संबंधों के लिए सुखद नहीं रहेगा। इस वर्ष झूठी बदनामी के योग बन सकते हैं। साथी से मनमुटाव चलता रहेगा जिससे मन दुखी बना रहेगा।

### स्वास्थ्य

स्वास्थ्य:- अप्रैल माह तक स्वास्थ्य के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य संबंधी कोई ना कोई परेशानी से पीड़ित चलते रहेंगे। रोगों को लेकर भय भ्रम बना रहेगा। रोगों को लेकर अनावश्यक चिंता बने रहने से मानसिक पीड़ा का अनुभव करेंगे।

**उपाय:** मां भगवती को सफेद रंग के कनेर के पुष्प अर्पित कर गरीब कन्याओं को चावल की खीर खिलाएं।



## वृश्चिक राशि

### पारिवारिक जीवन

अप्रैल माह पश्चात पारिवारिक जीवन की दृष्टि से संपूर्ण वर्ष अत्यंत सुखद रहेगा। जीवन साथी के साथ संबंध मधुर बने रहेंगे। जीवन साथी से लाभ प्राप्त होगा। मनोरंजन में समय अधिक व्यतीत होगा। घर के बाहर आनंद का अधिक अनुभव करेंगे।जून माह से पूर्व छोटी दूरी की यात्राएं संभव होंगी। कुटुम्ब जनों से मेल मिलाप बना हुआ रहेगा। नौकर एवं मित्रों से संबंधित सुख प्राप्त होगा। अविवाहित व्यक्ति जून माह पश्चात विवाह बंधन में बंध सकते हैं।

### नौकरी एवं व्यवसाय

अप्रैल माह तक नौकरी पेशा वर्ग के लिए समय अत्यंत अनुकूल बना रहेगा। कार्यस्थल पर आपको महत्वपूर्ण व्यक्ति समझा जाएगा। इस वर्ष पदोन्नति या आय में वृद्धि के योग बनेंगे। इच्छित जगह स्थानांतरण से मन प्रसन्न रहेगा। उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

### आर्थिक स्थित

आर्थिक स्थिति:-इस वर्ष अप्रैल माह तक बृहस्पति की धन भाव पर दृष्टि जहां संचित धन में वृद्धि करेगी वहीं बैंक बैलेंस भरा हुआ प्रतीत होगा। कुटुम्ब जनों से धन की प्राप्ति होगी। छोटी दूरी की यात्राओं पर धन व्यय होगा। विदेश यात्रा के योग भी बन सकते हैं। पदोन्नति होने से या नई नौकरी प्राप्त होने से आय के साधनों में वृद्धि होगी। आय के अनेक स्रोतों से भी आय प्राप्ति होगी। जुलाई माह पश्चात दिन प्रतिदिन की आमदनी में वृद्धि होगी। भाई बहनों पर आमोद प्रमोद में व्यय करेंगे।

### शिक्षा

शिक्षा :-अध्ययन में एकाग्रता में कमी रहेगी। अनावश्यक चिंता एवं अनावश्यक विचारों के कारण अध्ययन में एकाग्र चित्त नहीं रह पाएंगे। जिससे परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं रह पाएंगे। शिक्षा की दृष्टि से समय अधिक अनुकूल नहीं रहेगा। मनोवांछित संस्थान में प्रवेश से वंचित रहने के कारण भी मन दुखी रहेगा।

### प्रेम संबंध

राहु के पंचम भाव से गोचर के कारण प्रेम संबंधों के लिए वर्ष अनुकूल नहीं रहेगा। प्रेम संबंधों में अनावश्यक भ्रम पैदा होकर दरार आ सकती है। प्रेम संबंधों में किसी तीसरे व्यक्ति की उपस्थिति से परस्पर अविश्वास बने रहने के कारण प्रेम संबंधों के टूटने की संभावना बनेगी।

### स्वास्थ्य

नेत्र पीड़ा,पैरों संबंधी पीड़ा से पीड़ित रहेंगे। पेट संबंधी विकार से भी पीड़ित रहेंगे। जून माह पश्चात स्वास्थ्य की दृष्टि से शेष वर्ष का समय उत्तम रहेगा।

**उपाय** प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार हनुमान जी के समक्ष सुंदरकांड का पाठ कर गुड चने का प्रसाद वितरित करें।



## धनु राशि

### नौकरी एवं व्यवसाय

आपके राशिपति बृहस्पति का पंचम भाव से तथा शनि का तृतीय भाव से गोचर भ्रमण नौकरी एवं व्यवसाय के लिए अत्यंत अनुकूल समय रहेगा। मनोवांछित पदस्थापन से मन प्रसन्न रहेगा। उच्च अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। महत्वपूर्ण पद की प्राप्ति होगी। पराक्रम बढ़ा चढ़ा रहेगा। जिससे मान एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जुलाई माह पश्चात पदोन्नति होने या आय में वृद्धि होने के योग बनेंगे। राहु की दशम भाव पर दृष्टि के कारण शत्रुओं द्वारा अनावश्यक षड्यंत्र करने की संभावना बनेगी।

### पारिवारिक जीवन

राहु का चतुर्थ भाव से गोचर भ्रमण घर में अनावश्यक भय एवं भ्रम का वातावरण बनाए रखेगा। घर में प्रत्येक कार्य में बाधाएं महसूस होगी। एक के बाद एक निरंतर कुछ ना कुछ कठिनाइयां पैदा होने से अनावश्यक परेशान रहेंगे। वाहन चलाने में सावधानी रखना हितकर होगा। किसी आवश्यक कार्य के लिए इस वर्ष ऋण लेना भी पड़ सकता है। कुटुम्ब जनों एवं मांगलिक कार्यों पर धन व्यय होगा। जीवनसाथी से संबंध मधुर बने रहेंगे। जुलाई माह पश्चात कुछ विषयों को लेकर जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद बने रह सकते हैं। लंबी दूरी की तीर्थ यात्राएं होंगी।

### आर्थिक स्थित

आर्थिक दृष्टि से वर्ष अनुकूल बना रहेगा। धनागमन होते रहने से मन प्रसन्न रहेगा। शनि के पराक्रम भाव में स्थित होने के कारण पराक्रम में वृद्धि धन में वृद्धि होती रहेगी। उधार देने से बचना हितकर होगा अन्यथा उधार दिया हुआ पैसा वापस आने की संभावना नहीं रहेगी।

### शिक्षा

शिक्षा की दृष्टि से यह वर्ष जून माह तक अनुकूल बना रहेगा। अध्ययन में एकाग्रता बनी रहेगी।प्रतियोगिता परीक्षाओं के परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। उच्च शिक्षा के योग बनेंगे तथा उच्च शिक्षा के लिए आप बाहरी संस्थान में प्रवेश भी ले सकते हैं। जून माह पश्चात समय अध्ययन की दृष्टि से अनुकूल नहीं रहेगा। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष के नहीं रहेंगे एवं शिक्षा की दृष्टि से प्रत्येक क्षेत्र में बाधाएं उत्पन्न होती प्रतीत होंगी।

### स्वास्थ्य

जून माह तक का समय स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत अनुकूल है। आपके राशिपति बृहस्पति की स्वयं की राशि पर दृष्टि के कारण आप स्वयं को स्फूर्तिवान एवं तरोताजा महसूस करते रहेंगे। जून माह के पश्चात का समय स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुकूल नहीं रहेगा। कुछ ना कुछ छोटी-मोटी बीमारी घिरे रहने के कारण स्वयं को पीड़ित महसूस करेंगे एवं मानसिक रूप से भी स्वयं को कमजोर महसूस करेंगे।

### प्रेम संबंध

वर्ष का आरंभ प्रेम संबंधों के लिए अनुकूल बना रहेगा। अप्रैल माह तक साथी से संबंध मधुर रहने से मन प्रसन्न रहेगा।अप्रैल माह पश्चात आपसी वैचारिक मतभेद बने रहने से परस्पर झगड़ा होकर पुनः मेल मिलाप होता रहेगा। कई बार संबंध विच्छेद की परिस्थितियां भी उत्पन्न होंगी।

**उपाय** गुरुवार को गाय को हल्दी मिश्रित रोटी खिलायें।



## मकर राशि

### पारिवारिक जीवन

जीवनसाथी से मनमुटाव चलता रहेगा। इससे घर में अनावश्यक तनाव महसूस करेंगे। वाणी की कटुता के कारण कुटुम्ब जनों से संबंध मधुर नहीं रहेंगे। वैचारिक मतभेद चलता रहेगा जिससे मानसिक परेशानी महसूस करेंगे। भाई बहनों से संबंध मधुर नहीं रहेंगे। पारस्परिक वाद विवाद से मन दुखी बना रहेगा। आपके कार्य व्यवहार के कारण मित्र आप पर संदेह उत्पन्न करेंगे। मित्रों से आपका शत्रुवत व्यवहार चलता रहेगा। जिससे मित्रों से संबंध खराब होंगे। घर के सुख में कमी महसूस करेंगे। जुलाई माह के पश्चात पारिवारिक जीवन में कुछ राहत महसूस करेंगे।

### नौकरी एवं व्यवसाय

नौकरी एवं व्यवसाय:-आपकी राशि से द्वितीय भाव में शनि का गोचर भ्रमण अर्थात उतरती साढ़ेसाती कार्यस्थल पर अशांति प्रदान करवाएगी। आपकी मान सम्मान एवं प्रतिष्ठा में कमी आएगी। कार्यस्थल पर शत्रुओं में वृद्धि होगी। मित्रों में आपके कार्य व्यवहार के कारण संदेह उत्पन्न होगा एवं मित्र साथ छोड़ते हुए प्रतीत होंगे। आप स्वयं को असहाय एवं दुखी तथा अकेला महसूस करेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से इस वर्ष नया व्यवसाय आरंभ करना उचित नहीं होगा। दिन प्रतिदिन की आमदनी में भी जून माह तक कमी महसूस करेंगे। आपकी प्रत्येक कार्य योजना विफल होती महसूस होगी। मई, सितंबर, नवंबर माह में स्थानांतरण संभव हो सकता है। मनोवांछित स्थान पर स्थानांतरण ना होने के कारण मन दुखी रहेगा। सोच समझ कर प्रत्येक कार्य करना उचित होगा अन्यथा हानि हो सकती है

### आर्थिक स्थिति

शनि का धन भाव से ही गोचर भ्रमण के कारण आर्थिक दृष्टि से धन संबंधी परेशानी महसूस करेंगे। यदि कहीं रुपए उधार दिए हुए हैं तो उनके प्राप्त होने की संभावना नहीं रहेगी। व्यर्थ एवं अशुभ कार्यों में धन का व्यय होगा। संचित धन में कमी आएगी।

### शिक्षा

शिक्षा की दृष्टि से समय अधिक अनुकूल नहीं है। एकाग्रता में कमी रहेगी। अनावश्यक बातों में ध्यान जाने से प्रतियोगी परीक्षा में गलती करेंगे। जिससे परीक्षा परिणाम मनोनुकूल नहीं रहेंगे। विषयों के चयन को लेकर भी अनिश्चय की स्थिति बनी रहेगी। समय का सदुपयोग नहीं कर पाएंगे। अध्ययन में सफलता परिश्रम के पश्चात भी संदिग्ध रहेगी।

### प्रेम संबंध

प्रेम संबंधों में परस्पर झगड़ा तत्पश्चात सुलह होती रहेगी। किसी तीसरे पक्षकार की उपस्थिति के कारण प्रेम संबंधों में मधुरता नहीं रहेगी। वफादारी से साथ निभाना हितकर होगा वरना संबंध विच्छेद होने की संभावना बनेगी।

### स्वास्थ्य

स्वास्थ्य की दृष्टि से समय अनुकूल नहीं रहेगा।कार्य की अधिकता के कारण थकान एवं शारीरिक कमजोरी महसूस करेंगे। अनिद्रा एवं एलर्जी की समस्या से पीड़ित रहने की संभावना रहेगी।

**उपाय:** प्रत्येक शनिवार नारियल का बूरा, काले तिल, तिल्ली का तेल, चीनी का बूरा, आटा मिलाकर काली चीटियों को खिलाएं।



## कुंभ राशि

### नौकरी एवं व्यवसाय

आपकी राशि पर से ही शनि का गोचर भ्रमण अर्थात साढेसाती के कारण कार्यस्थल पर शत्रुओं की वृद्धि करेगा। शत्रु आपकी प्रत्येक कार्य योजना को विफल करने की कोशिश करेंगे और उसमें सफल भी होंगे। जिससे आप स्वयं को असहाय एवं कमजोर महसूस करेंगे एवं आत्म बल, मनोबल में कमी का अनुभव करेंगे। कार्य स्थल पर लगातार षड्यंत्र के कारण उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न नहीं रहेंगे। मनोवांछित स्थानांतरण न होने एवं मनोवांछित पद प्राप्ति न होने के कारण स्वयं को दुखी महसूस करेंगे। जून माह पश्चात परिस्थितियां अनुकूल होती हुई प्रतीत होगी एवं आप शनि की साढ़ेसाती से होने वाली परेशानी से कार्यस्थल पर थोड़ा राहत महसूस करेंगे।

### आर्थिक स्थिति

धन भाव से ही राहु का गोचर भ्रमण धन संबंधी मामलों में अनावश्यक भ्रम पैदा कर धन हानि करवाएगा। धन या वस्तु की चोरी होने की संभावना भी बन सकती है। व्यवसाय में भी धन हानि होने से लाभ के बजाय हानि होने की संभावना बनेगी।

### पारिवारिक जीवन

सप्तम भाव पर शनि की दृष्टि अर्थात साढ़ेसाती के कारण पारिवारिक जीवन इस वर्ष कष्टमय रहेगा। पत्नी से अनावश्यक मतभेद बढ़ेंगे। घर में हर समय कलह का वातावरण बना रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर झगड़ों के कारण मानसिक शांति भंग होगी। जिससे स्वयं को दुखी और असहाय महसूस करेंगे। भाई बहनों से भी संबंध मधुर नहीं रहेंगे उनसे भी अनावश्यक वाद विवाद चलता रहेगा। वाणी में मधुरता नहीं रहेगी।

### शिक्षा

शिक्षा की दृष्टि से समय मिश्रित फल देने वाला है। अध्ययन में सफलता अत्यधिक परिश्रम के पश्चात प्राप्त होगी। मार्च,अगस्त, अक्टूबर माह में प्रतियोगी परीक्षा के अनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं होने से मन दुखी रहेगा। अध्ययन के लिए घर से बाहर रहने पर स्वयं को कमजोर एवं दुखी महसूस करेंगे।

### प्रेम संबंध

साथी से किसी बात को लेकर मनमुटाव पैदा होगा एवं संपूर्ण वर्ष दूरी बनी रहेगी। साथी पर अविश्वास रहने से सुखद एहसास नहीं हो पाएगा। नए संबंध जोड़ने की कोशिश में असफलता हाथ लगेगी। प्रेम संबंधों में भी स्वयं को टूटा हुआ महसूस करेंगे।

### स्वास्थ्य

स्वास्थ्य की दृष्टि से समय अनुकूल बना रहेगा। मानसिक दृष्टि से स्वयं को कमजोर, आत्म बल मनोबल में कमी महसूस करेंगे। लेकिन शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ महसूस करेंगे। वाहन चलाने में सावधानी रखना हितकर होगा।

**उपाय:** शनिवार को काले कुत्तों को तिल्ली का तेल लगाकर रोटी खिलाएं।



## मीन राशि

### नौकरी एवं व्यवसाय

शनि की साढ़ेसाती आपकी राशि पर आरंभ होगी।किंतु अप्रैल माह तक आपके राशिपति बृहस्पति का द्वितीय भाव से गोचर भ्रमण नौकरी एवं व्यवसाय के लिए अत्यंत अनुकूल रहेगा। यदि आप सेवारत है तो पदोन्नति के या आय में वृद्धि के योग बनेंगे। बेरोजगार वर्ग के लिए रोजगार की प्राप्ति होगी। नई नौकरी लगने या पदोन्नति होने से मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। कार्यस्थल पर शनि की साढ़ेसाती के कारण शत्रुओं में वृद्धि होगी शत्रु आपके कार्यों को विफल करने का षड्यंत्र भी करेंगे।अप्रैल माह के पश्चात कार्यस्थल पर बनते हुए प्रत्येक कार्य में रुकावट आएगी।

### आर्थिक स्थिति

बृहस्पति का आपकी राशि से द्वितीय भाव में गोचर भ्रमण भाग्य में वृद्धि करेगा एवं आय में भी पदोन्नति होने से या आय में वृद्धि होने से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संचित धन में वृद्धि होगी। शुभ मांगलिक कार्यों में धन का व्यय होगा।जुलाई के पश्चात यज्ञ, हवन में धन का व्यय होगा।

### पारिवारिक जीवन

साढेसाती के आरंभ होने एवं सप्तम भाव में केतु की उपस्थिति के कारण जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद बने रहेंगे। किसी तीसरे पक्षकार की उपस्थिति को लेकर हुए अनावश्यक वहम के कारण घर में कलहपूर्ण वातावरण बना रहेगा। परस्पर मेल मिलाप नहीं रहने से मन दुखी रहेगा। अप्रैल माह पश्चात अविवाहित व्यक्तियों के विवाह के बंधन में बंधने के योग बन सकते हैं। शुभ एवं मांगलिक कार्यों में जाने के अवसर प्राप्त होंगे। भाई बहनों से संबंध मधुर रहेंगे।

### शिक्षा

लेखन कार्य की ओर रुझान बढ़ेगा। परीक्षा परिणाम मध्यम रहेंगे। संतान की शिक्षा संबंधी चिंता का निवारण होगा। अध्ययन हेतु दूरस्थ स्थान पर जाना पड़ सकता है। शिक्षा में प्रत्येक परिणाम देरी से प्राप्त होंगे।

### प्रेम संबंध

प्रेम संबंधों को लेकर वर्ष सामान्य रहेगा।अप्रैल माह तक संबंधों में परस्पर मधुरता रहेगी।अप्रैल माह पश्चात अनावश्यक बातों को लेकर झगड़े होते रहेंगे।जून माह पश्चात प्रेम संबंधों के विवाह में परिणति होने के योग बन सकते हैं।

### स्वास्थ्य

श्यया सुख में कमी रहने से थकान महसूस करेंगे। मानसिक चिंताएं ज्यादा रहेगी। जिससे अनिद्रा के रोग से ग्रसित हो सकते हैं। पैर में चोट लग सकती है। वाहन चलाने में सावधानी बरतना हितकर होगा। खानपान में लापरवाही के कारण पेट संबंधी पीड़ा से पीड़ित हो सकते हैं।

**उपाय:** गुरुवार को ब्राह्मणों, गुरुजनों को पीली मिठाई खिलाएं।

# नववर्ष मंगलमय भावना से ओत -प्रोत होने का दिन



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> उल्लेखनीय है कि अंग्रेजी संवत अस्तित्व में आने से पूर्व भारत में संवत्सर की गणना लगभग 1,960853 अरब वर्षों से होती आ रही थी, जो बहुसंख्यक हिन्दुओं द्वारा किसी व्रत, अनुष्ठान आदि करते समय पुरोहित द्वारा कराये जाने वाले संकल्प मंत्र से ज्ञात होता है। प्राचीन काल से ही भारत में सप्ताह के सात दिन, बारह महीने, कृष्ण व शुक्ल पक्ष, अमावस्या व पूर्णिमा आदि का प्रचलन था। नववर्ष वर्ष का आरम्भ भारत में चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होता था, और आज भी यह परम्परा अनवरत रूप से जारी है, जिसे आज भी बहुसंख्यक हिन्दू परिवार मानते हैं।

भारतीय मान्यता के अनुसार सृष्टि के आदिकाल में वसंत ऋतु के प्रारंभ में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन सूर्योदय से ब्रह्मा ने सृष्टि रचना कार्य प्रारंभ की थी। इसीलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ब्रह्मा और उनके द्वारा निर्मित सृष्टि के प्रमुख देवी-देवताओं, यक्ष-राक्षस, गंधर्व, ऋषि-मुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों, कीट-पतंगों, रोग- व्याधियों और उनके उपचारों का स्मरण, नमन, पूजन किए जाने की प्राचीन व विख्यात परंपरा रही है। मान्यतानुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन से नया संवत्सर शुरू होता है। इसीलिए इस तिथि को नवसंवत्सर भी कहते हैं। गणितीय और खगोलीय संगणना के अनुसार इसी दिन से ग्रहों, वारों, मासों और संवत्सरों का प्रारंभ माना जाता है।

चैत्र के मास में वृक्ष तथा लताएं पुष्पित, पल्लवित व प्रस्फुटित होती हैं। शुक्ल प्रतिपदा का दिन चंद्रमा की कला का प्रथम दिवस माना जाता है। जीवन का मुख्य आधार वनस्पतियों को सोमरस चंद्रमा ही प्रदान करता है। चंद्रमा को औषधियों और वनस्पतियों का राजा कहा गया है। इसीलिए इस दिन को वर्षारम्भ माना जाता है। और ब्रह्मा के सृष्टि रचना प्रारंभ किए जाने के स्मरण में उनको नमन, पूजन करते हुए नवसंवत्सर की खुशियां मनाई जाती हैं। सृष्टि रचना के प्रारम्भिक काल से चली आ रही सृष्टि पंचांग की शुरुआत भी इसी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की तिथि से होती है। सृष्टि पंचांग को ब्रह्म पंचांग भी कहते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को वर्ष प्रतिपदा अथवा उगादि अर्थात युगादि भी कहा जाता है। युगादि, युग और आदि शब्दों की संधि से बना है। यह आदि युग अर्थात काल का याद दिलाता है। उगादि के दिन ही पंचांग तैयार होता है। महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी दिन से सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीना और वर्ष की गणना करते हुए पंचांग की रचना की थी। इसे गुढी पाड़वा भी कहा जाता है। गुढी का अर्थ है- विजय पताका। मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम ने वानरराज बाली के अत्याचारी शासन से दक्षिण की प्रजा को मुक्ति दिलाई। बाली के त्रास से मुक्त हुई प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज अर्थात ग़ुड़ियां फहराए। इसीलिए इस दिन को गुड़ी पाड़वा नाम दिया गया। वास्तव में यह शक्ति और विजय का प्रतीक दिवस है। भारत में शक्ति संयोजन हेतु प्रकृति रूपी मातृशक्ति की उपासना का शक्ति व भक्ति का प्रतीक पर्व वासंतीय नवरात्रि का प्रथम दिवस भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ही है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का राज्याभिषेक भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही हुआ था। द्वापर युग में युगाब्द अर्थात युधिष्ठिर संवत का आरम्भ तथा युधिष्ठिर का राज्यभिषेक भी इसी दिन हुआ था। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की तिथि की आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व के कारण ही सम्राट विक्रमादित्य ने विक्रमी संवत का प्रारम्भण भी इसी दिन किया था। सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन अपना दिन राज्य भी स्थापित किया था। शास्त्रसम्मत यह भारतीय कालगणना किसी संकुचित विचारधारा अथवा पंथाश्रित नहीं, वरन व्यावहारिकता व वैज्ञानिकता से परिपूर्ण है। यह राष्ट्रीय गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। यही कारण है कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही कृणवंतो विश्वमआर्यम का कल्याणमयी संदेश देते हुए आर्य समाज की स्थापना की। सिखों के द्वितीय गुरू श्री अंगददेव का जन्म दिवस भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा है। सिंध प्रान्त के प्रसिद्ध समाज रक्षक वरूणावतार झूलेलाल का प्रकटन भी इसी दिन हुआ था। सम्राट विक्रमादित्य की भांति शालिवाहन ने हूणों और शकों को परास्त कर भारत में श्रेष्ठतम राज्य स्थापित करने हेतु इसी दिन का चुनाव किया था। मान्यता है कि शालिवाहन ने मिट्टी के सैनिकों की सेना में मंत्र फूंककर उनसे प्रभावी शत्रुओं (शक) का पराभव किया। इस विजय के प्रतीक रूप में शालिवाहन शक का प्रारंभ अर्थात शक संवत की स्थापना भी इसी दिन हुई।

राष्ट्रीय संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसी दिन महर्षि गौतम जयंती भी मनाई जाती है। भारतीय नववर्ष का प्राकृतिक महत्व भी है। वसंत ऋतु के आरंभ में वर्ष प्रतिपदा का यह काल उल्लास, उमंग, प्रसन्नता व चतुर्दिक पुष्पों की सुगंधित वातावरण से युक्त होता है। यह फसल पकने का प्रारंभ अर्थात कृषकों के परिश्रम का फल प्राप्त होने का समय होता है। आकाश पर नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं। किसी भी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह शुभ मुहूर्त होता है। हर्षोल्लास से भरी इस काल में नववर्ष का स्वागत कर मानव मन प्रफुल्लित हो उठता है। इस काल में ईश्वर उपासना व अनेक प्रकार के धार्मिक कृत्य किए जाते हैं। वर्ष प्रतिपदा से आरम्भ होने वाला भारतीय नववर्ष सर्वथा उपयुक्त व सर्वस्वीकार्य है। इस समय शीत का प्रभाव समाप्त हो गया होता है। ग्रीष्म ऋतु तत्पश्चात वर्षा ऋतु का आरम्भ इसके कुछ समय बाद होता है। भारतीय नववर्ष के इस अवसर पर पतझड़ व शीत ऋतु समाप्त होकर ऋतु अत्यन्त सुहावनी हो जाती है। वृक्ष नवीन कोपलों को धारण किये नये पत्तों के स्वागत में हरे-भरे होते हैं, और सभी प्रकार के फूल व फल वृक्षों में लगे होते है। सर्वत्र फूलों की सुगन्ध से वातावरण सुगन्धित होती है। यह प्राकृतिक सौन्दर्य अत्यंत सुहावना व मौसम लुभावना होता है। अनेक विशेषताओं से युक्त चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का यह समय ही नववर्ष के उपयुक्त होता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## नववर्ष 2024 पर विशेष

# संकल्प और उल्लास से सराबोर हो नववर्ष





अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है लेकिन जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की संपत्ति का सर्वनाश होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है।

नए वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइए हम संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का वातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों ऐसी कामना करेंगे। यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। क्योंकि यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की उर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे ढ़केल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म समभाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है।

आइए हम समवेत प्रयास के जरिए आशान्वित हों कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। विचारों के इस संकल्प को उर्वरता और मुखरता प्रदान करने के साथ उत्थान व विकास की नई लकीर खिंचेगा। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र व समाज के उत्थान में ही स्वयं के उत्थान व विकास के बीज निहित होते हैं। भारतीय जनमानस को इस नए साल में इसी उत्थान व विकास के बीज के प्रकीर्णन का संकल्प लेना होगा। इस बीज के प्रस्फुटन से ही देश में तरक्की का अमृत रस छलकेगा और सौहार्द का वातावरण निर्मित होगा। तरक्की व सौहार्द के जुड़ाव से ही राष्ट्र व समाज की चेतना मजबूत होगी। नए संकल्पों के जरिए ही मनोकामनाओं की पूर्ति होगी। राष्ट्र का मान और शान बढ़ेगा। कामना करें कि यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण बनें। इसी क्षण के संकल्पों के जरिए ही भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विध्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने और मूर्त रुप देने की जरुरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस सिर्फ अपने आसपास सकारात्मक विचारों को प्रसारित करने की जरुरत है। हमारे आसपास अभावग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरुकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। गौर करें तो हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। सेवा परमोधर्म है। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब बच्चों की मदद कर सकते हैं। उन्हें स्वेटर, गर्म कपड़े और जूते-मोजे और पाठ्य-पुस्तकें देकर उनकी चुनौतियों को कम कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े स्वयंसेवी संगठन इस पुनीत कार्य में जुटे हैं। अगर यहीं कार्य हर संपन्न व्यक्ति के स्तर से हो तो समाज के अभावग्रस्त लोगों की जरुरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। अगर ऐसा हो तो समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। यह सकारात्मक संदेश रुपी उर्जा ही किसी राष्ट्र को दुनिया के अग्रिम देशों की कतार में खड़ा करती है। उसके सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है। अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। हम भी ऐसा कर गांधी जी के रामराज वाले सपने को साकार कर सकते हैं। अच्छी बात है देश की तकरीबन सभी सरकारें इस दिशा में सकारात्मक पहल कर रही हैं। वह रैन बसेरों के जरिए बेघर लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरुरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। लेकिन बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है।

बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी और सहभागिता बेहद आवश्यक है। हम हर वर्ष लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद हकर देते हैं। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिलजुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देती हैं। हमें उन आजमाए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। उनके पास धन का अभाव और जागरुकता की कमी है। विचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गयी है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। देश प्रदूषण की समस्या से कराह रहा है। हर वर्ष लाखों लोग प्रदूषण से जान गंवा रहे हैं। उनकी उम्र कम हो रही है। इस प्रदूषण के लिए कहीं न कहीं हम खुद जिम्मेदार है। आइए हमलोग संकल्प लें कि इस वर्ष प्रदूषण न कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। प्रदूषण की तरह गंदगी भी एक भीषण समस्या है। गंदगी के कारण विभिन्न किस्म के रोग उत्पन होते हैं। इन रोगों से निपटने के लिए सरकार हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए खर्च करती हैं। गंदगी मिटाने के लिए देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमलोग नए साल में समूहबद्ध होकर अपने आसपास की गंदगी को साफ करने और वातावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले सकते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो बीमारियो पर खर्च होने वाली धनराशि को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मदों में खर्च किया जा सकता है। देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। बिडंबना है कि युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति कम होने के बजाए बढ़ रही है। विगत दशकों में हर छोटे-बड़े समारोहों में शराब सेवन का प्रचलन बढ़ा है। इससे युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। साथ ही घर-परिवार का माहौल भी दूषित हो रहा है। शराब सेवन के कारण समाज में अपराध और बलात्कार जैसी बुराइयां बढ़ रही हैं। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति बढ़ी हैं। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और धुम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है। लेकिन जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की संपत्ति का सर्वनाश होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। अभी गत वर्ष ही देश में कुछ नीतिगत मसलों पर व्यापक स्तर पर हिंसा और उपद्रव देखने को मिला। इस उपद्रव में बड़े पैमाने पर युवा चेहरे शामिल देखे गए। यह ठीक नहीं है। युवाओं को भी समझना होगा कि वे राष्ट्र की पूंजी है और उनका नकारात्मक इस्तेमाल न होने पाए। सच तो यह है कि युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। आइए हम इस नए वर्ष में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



सुनील कुमार महला
कवि एवं साहित्यकार

# नए साल की शुभकामनाएं!

*गेहूं,चना, सरसों से भरपूर*
*हरियल खेतों को*
*किसान, मजदूर और गरीब-अमीर*
*के मेहनती बेटों को*
*नए साल की शुभकामनाएं !*

*अल सुबह और शाम पेड़ों, घास और*
*वनस्पतियों से झूलती शबनम की बूंदों को*
*सर्द हवाओं के बीच गडरियों, लोहारों, हरेक*
*जलते अलावों और चूल्हों को*
*नए साल की शुभकामनाएं !*

*माघ माह में धरती के कोने-कोने में*
*बिखरी कोहरे की धवल चादर को*
*पहाड़ों के आगोश से झांकती सूरज की मंद-*
*मंद रश्मियों और मां भारती के आंचल को*
*नए साल की शुभकामनाएं !*

*सर्द और बर्फीली हवाओं में घर से दूर विषम*
*और दुर्गम परिस्थितियों में सीमा की रक्षा-*
*सुरक्षा करते हमारे समस्त वीर जवानों को*
*परबत,पठार, मैदान, घाटियां और कल-कल*
*बहती नदियों और कलरव करते पंछियों को*
*नए साल की शुभकामनाएं !*

*समस्त विश्व की भूमि को, घर-आंगन*
*की हर दहलीज़ को*
*आसमां में टिमटिमाते चांद, तारों को और*
*मां भारती के समस्त प्यारों को*
*नए साल की शुभकामनाएं !*

## गीतकार इंदीवर का जन्मदिवस और साल 2024 उनका जन्मशती वर्ष

# जिंदगी से बहुत प्यार हमने किया...



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**'चंदन** सा बदन चंचल चितवन'', ''फूल तुम्हें भेजा है ख़त में'', ''कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे'', ''चांद को क्या मालूम चाहता है'', ''ओह रे ताल मिले नदी के जल में'', ''नदिया चले, चले रे धारा'', ''है प्रीत जहाँ की रीत सदा'',''होठों से छू लो तुम'' यह काव्यात्मक और अर्थपूर्ण गीत गीतकार इंदीवर के हैं। फ़िल्मी दुनिया के अपने पांच दशक के लंबे करियर में उन्होंने तीन सौ से ज्यादा फ़िल्मों में तक़रीबन एक हज़ार गीत लिखे। सभी एक से बढ़कर एक दिल लुभाने वाले। फ़िल्मी दुनिया में मजरूह सुल्तानपुरी के बाद वे ऐसे दूसरे गीतकार थे, जिन्होंने फ़िल्मों में लंबी पारी खेली और आख़िरी वक़्त तक अपने चाहने वालों को नग़मा-ओ-गीत की सौगात पेश करते रहे। एक दौर में जब फ़िल्मों में अच्छी शायरी और कविताई चलती थी, तो उस दौर के मुताबिक शायराना गीत लिखे। बदलते दौर में जब रिदम गीत पर हावी हो गया, तो इंदीवर ने उस ज़माने के फ़िल्मी माहौल और दिलचस्पियों को कोसा नहीं, बल्कि अपने आप को उस में ढाल लिया। बप्पी लहरी के फ़ास्ट संगीत, जिसको हम डिस्को के नाम से जानते हैं, उन्होंने उस म्यूज़िक में ख़ुद को इस तरह से फिट किया कि वे उनके भी फेवरिट गीतकार हो गए। "आप जैसा कोई मेरी जिंदगी में आए" (फ़िल्म-क़ुर्बानी) जैसा नये अंदाज़ का गाना उन्हीं का लिखा हुआ है। यही नहीं उन्होंने अपने ज़माने की मशहूर पॉप म्यूज़िक की जोड़ी नाज़िया हसन और ज़ोहैब हसन के लिए फ़ास्ट बीट के गाने लिखे, जो ख़ूब मक़बूल हुए। उस समय इन गानों की लोकप्रियता का आलम यह था कि ये गीत जवां दिलों की धड़कन बने हुए थे। हर एक इन गानों का दीवाना था।

उत्तर प्रदेश में झाँसी जिले के छोटे से कस्बे बरुआसागर में 1 जनवरी, 1924 को जन्मे इंदीवर का असली नाम श्यामलाल बाबू राय था। कविता का शौक़ उन्हें बचपन से ही था। 'आज़ाद' तख़ल्लुस से वे कविताएं लिखते थे। उनकी नौजवानी का दौर, देश की आज़ादी के संघर्षों का दौर था। स्वाधीनता संग्राम से प्रेरित होकर इंदीवर ने भी देशभक्ति के गीत रचे। आज़ादी के आंदोलन में हिस्सा लिया। कविता की लोकप्रियता बढ़ी, तो वे कवि सम्मेलनों में शिरकत करने लगे। कवि सम्मेलनों में इंदीवर बड़े प्रभावशाली ढंग से अपनी कविताएं पढ़ा करते थे। ऐसे ही एक कवि सम्मेलन में उन्होंने जब अपना इंक़लाबी गीत ''ओ किराएदारों, कर दो मकान खाली'' पढ़ा, तो अंग्रेज़ी हुकूमत को यह नागवार गुज़रा और उन्हें जेल में डाल दिया गया। कुछ दिन वे जेल में रहे, वापस आए तो फिर कविता और कवि सम्मेलनों में रम गए। उस दौर में हर कवि-शायर की दबी-छिपी चाहत फ़िल्मों में गाने लिखने की होती थी। इंदीवर भी अपने दिल में यह चाहत पाले हुए थे। उनके सामने ऐसी कई मिसाल मौजूद थीं, जिसमें छोटे कस्बे-शहर से निकलकर गीतकारों ने देश भर में बड़ा नाम किया था।

बहरहाल, अपनी इस चाहत को लेकर बाईस साल के इंदीवर मुंबई पहुंच गए। कुछ दिन की जद्दोजहद के बाद, साल 1946 में उन्हें फ़िल्म 'डबल फेस' में गाना लिखने का मौक़ा मिला। लेकिन अफ़सोस ! न फ़िल्म चली और न गाने। नतीजा, इंदीवर फिर अपने कस्बे बरुवासागर वापिस लौट आए। शुरुआती नाकामी के बाद भी उन्होंने अपना हौसला नहीं खोया। फ़िल्मों में काम की तलाश में बे बार-बार मुम्बई आते-जाते रहे। आख़िर पांच साल बाद, इंदीवर की किस्मत का सितारा चमका। साल 1951 में मौसिक़ार रोशन के संगीत निर्देशन में उन्हें फ़िल्म 'मल्हार' में गाने लिखने का मौक़ा मिला। इस फ़िल्म के सारे गाने हिट हुए। ख़ास तौर पर ''बडे अरमानों से रखा है बलम तेरी कसम" गीत ने तो पूरे देश में धूम मचा दी। 'मल्हार' के गानों की कामयाबी के बाद, इंदीवर ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और वे पायदान-दर-पायदान बुलंदियां छूते चले गए। साल 1963 मे उन्हें एक बार फिर रोशन के संगीत में फ़िल्म 'पारसमणि' के गाने लिखने का अवसर मिला। इस अवसर को भी उन्होंने अपने हाथ से नहीं जाने दिया। 'पारसमणि' अपने गानों की वजह से ही सुपर हिट हुई।





**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
हम अपनी चुनौतियों से निपटने के लिए सशक्त महसूस करते हैं जब हम उस पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो हमारे नियंत्रण में है न कि उस पर जो कि हमारे नियंत्रण में नहीं है। हमारे नियंत्रण से बाहर की चीज़ों को अपने दिमाग से बाहर रखना आसान लगता है, लेकिन यह असंभव नहीं है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
ईश्वर केवल वहाँ नहीं होते जहां हम प्रार्थना करते हैं, बल्कि वहाँ भी होते हैं, जहां हम गुनाह करते हैं।



**जया किशोरी (वक्ता),** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
कभी-कभी आपको आराम से बैठना चाहिए और अपने जीवन से नकारात्मक लोगों को हटाकर ब्रह्मांड को कुछ वास्तविक काम करने देना चाहिए।

## उत्तराखंड में जल्द लागू होगी यूसीसी: धामी



**मथुरा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने को कहा कि उनके राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जल्द लागू की जाएगी। धामी ने यहां साध्वी ऋतंभरा के 'संन्यास' के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को वात्सल्य ग्राम, वृन्दावन में आयोजित षष्ठी पूर्ति महोत्सव में कहा कि विधेयक मंजूरी के लिए जल्द ही विधानसभा में पेश किया जाएगा। यूसीसी सभी धर्मों के लोगों के लिए व्यक्तिगत कानूनों की एक आम संहिता है।

## राम मंदिर, योगी को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** अयोध्या में होने वाले 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों के बीच एक ई-मेल के जरिए श्रीराम मंदिर, सीएम योगी आदित्यनाथ और एसटीएफ चीफ को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी को ई-मेल भेजने वाले ने खुद को आईएसआई से जुड़ा बताया है। पुलिस के साथ एटीएस को प्रकरण की जांच में सहयोग कर रही है और ई-मेल करने वाले का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में धारा 507 में केस दर्ज किया है

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कांग्रेस पर प्रहार

# समाज के साथ अन्याय करने वाले कर रहे न्याय की बात

**एजेंसी** | लखनऊ

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को विपक्षी दलों खासतौर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने हमारे समाज में अन्याय करने में कोई कसर नहीं छोड़ी वो आजकल न्याय यात्रा की कल्पना कर रहे हैं। रविवार को यहां दुबग्गा चौराहा के एक पार्क में केंद्रीय मंत्री व मोहनलालगंज से भाजपा के सांसद कौशल किशोर द्वारा आयोजित महिला हाफ मैराथन में शामिल होने के बाद नड्डा एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने इतने वर्षों में भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी, वो भारत जोड़ो यात्रा पर निकल गए।



उन्होंने कहा कि यह कितनी बड़ी विडंबना है कि जिन लोगों ने अपने परिवार से बाहर कभी कुछ नहीं सोचा, वे देश की बात कर रहे हैं।

नड्डा ने 14 जनवरी से शुरू होने वाली कांग्रेस की 'भारत न्याय यात्रा' के मद्देनजर नड्डा यह टिप्पणी की। यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर 14 राज्यों और 85 जिलों से होते हुए मुंबई पहुंचेगी। भाजपा नेता ने केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार की विकास कार्यों की सराहना करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि मोदी जी, योगी जी भारत कैसे आगे बढ़े, इसकी बात करते हैं और लेकिन जब अखिलेश बात करते हैं, जब राहुल गांधी बात करते हैं तो एक ही बात करते हैं मैं और मेरा परिवार आबाद रहे, इससे ज्यादा उनकी कोई कल्पना नहीं है। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की चर्चा किए बिना भाजपा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के पर तंज कसते हुए कहा कि स्पर्धा सिर्फ खिलाड़ी की नहीं होती, स्पर्धा देश को आगे ले जाने वालों और रोकने वालों के बीच भी होती है।

उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि यह अंतर हमको समझना पड़ेगा। उनकी स्पर्धा है कि वो कितना पीछे जाएं और हमारी स्पर्धा है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत को कितना आगे ले जाएं। नड्डा ने कहा कि यदि हम महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों को ताकतवर बनाते हैं तो विकसित भारत बनने से कोई रोक नहीं सकता।

### बिहार: सुशील मोदी का जदयू- राजद पर प्रहार

# विस अध्यक्ष की बंद कमरे में हुई लालू से भेंट, सियासी पारा चढ़ा

**एजेंसी** | पटना

जनता दल (यू) में हुए बड़े बदलाव के बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। नीतीश कुमार के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद राजद और जदयू के बीच खटास बढ़ने के कयास तेज हो गए हैं।

रविवार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी राबड़ी देवी आवास पहुंचे और आरजेडी प्रमुख लालू यादव से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री तेज प्रताप यादव भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

जानकारी के अनुसार, चौधरी ने रविवार की दोपहर राबड़ी आवास पहुंचे। बताया जा रहा है कि लालू यादव ने ही उन्हें मिलने के लिए बुलाया था। दोनों नेताओं के बीच 30 मिनट तक बात हुई। चौधरी के अलावा कानून मंत्री शमीम अहमद भी लालू यादव से मिलने पहुंचे थे।

हालांकि ये जानकारी नहीं मिल सकी कि लालू यादव ने दोनों नेताओं से किस मुद्दे पर चर्चा की। इस बीच, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का विदेश दौरा रद्द हो गया है।

तेजस्वी 6 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया जाने वाले थे। मालूम हो कि, ईडी ने तेजस्वी यादव को 5 जनवरी को समन भेजकर तलब किया है।

### खतरे में है नीतीश कुमार की कुर्सी



भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद सुशील मोदी ने रविवार को दावा किया कि नीतीश कुमार की कुर्सी खतरे में है। वहीं, जदयू के प्रधान महासचिव केसी त्यागी ने पलटवार करते हुए सुशील मोदी पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी हमारी पार्टी के मामलों में ताकझांक करने का अधिकार नहीं है। सुशील दावा कर रहे हैं कि ललन सिंह जदयू का राजद में विलय करने वाले थे। उनकी तैयारी तेजस्वी को सीएम बनाने की थी। यही कारण था कि नीतीश कुमार उनसे नाराज चल रहे थे। सुशील मोदी के दावों के बीच जदयू में बदलाव हो गया।

### खरगे को निमंत्रण देने गया था: विहिप प्रमुख

# हम राम मंदिर निर्माण के खिलाफ नहीं: सिद्धारमैया

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिर निर्माण का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि वह अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसके पक्ष में हैं।

इस बीच, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार ने दावा किया है कि वह मल्लिकार्जुन खरगे को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण देने गए थे, जबकि विहिप के सदस्य अधीर रंजन चौधरी को निमंत्रण देने गए थे। उन्होंने कहा कि अगर वे आते हैं तो हम सम्मान के साथ उनका स्वागत करेंगे। यह पूरे देश का कार्यक्रम है और यहां सभी का स्वागत है।



### लोकसभा चुनाव: स्नेह यात्रा और मुलाकातों की रणनीति पर जोर

# केरल में ईसाई समुदाय को रिझाने में जुटी BJP

**एजेंसी** | कोच्चि

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है और दक्षिण भारतीय राज्यों में वहां के सामाजिक समीकरणों के अनुसार रणनीति को आगे बढ़ा रही है। पार्टी इन दिनों केरल में ईसाई समुदाय को अपने से जोड़ने के प्रयासों में जुटी है और इसके लिए पार्टी राज्य में स्नेह यात्रा निकाल रही है। इसे गत गुरुवार को फिर शुरू किया गया था। सूत्रों के अनुसार स्नेह यात्रा एक संपर्क कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य राज्य में ईसाई समुदाय को पार्टी से जोड़ना है। भाजपा सूत्रों ने पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 30 दिसंबर तक प्रधानमंत्री का संदेश लेकर ईसाई समुदाय के लोगों के बीच गए। पार्टी ने हाल ही में लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए राज्य भर में पदयात्राएं निकालने का भी फैसला किया है। भाजपा के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस साल की शुरुआत में ईस्टर के अवसर पर ईसाई लोगों के घरों और धार्मिक प्रमुखों से मुलाकात करते हुए स्नेह यात्रा निकाली थी। भाजपा इसकी पहल 2023 में ईस्टर के दौरान की थी। पार्टी ने हाल ही में प्रदेश समिति की बैठक में क्रिसमस के दौरान यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला किया था। भाजपा नेता समय समय पर चर्च प्रमुखों से भी मुलाकात कर रहे हैं।

### पादरी समेत कई लोग पार्टी में शामिल

इस बीच, भाजपा ने दावा किया कि राज्य में शनिवार को एक पादरी समेत ईसाई समुदाय के करीब 50 परिवार पार्टी में शामिल हो गए। यह जानकारी भाजपा ने एक फेसबुक पोस्ट में दी है। पार्टी ने बताया कि पथानामथिट्टा जिले में ऑर्थोडॉक्स चर्च निलक्कल भद्रासनम के सचिव फादर शैजू कुरियन सहित लगभग 50 ईसाई परिवार भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने कहा कि शनिवार को मध्य केरल के त्रिशूर जिले में प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन की मौजूदगी में केरल कांग्रेस (जैकब) गुट के कई लोग भी पार्टी में शामिल हुए। भाजपा ने अल्पसंख्यकों का पार्टी के साथ जुड़ने का नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकास कार्यों और दूरदर्शी सोच को दिया। पार्टी ने कहा, पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने विकास के प्रति मजबूत समर्पण दिखाया है।


कार्यालय नगरपालिका नवलगढ़ जिला-झुंझुनूं (राज.)

क्रमांक:- न.पा.न./23-24/7307

दिनांक:- 29.12.2023

नववर्ष व मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





01 जनवरी 2024 से रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना शुरू

उज्जवला एवं अन्य गरीब परिवारों (बीपीएल) की महिलाओं को

मात्र 450 रूपये में हर माह मिलेगा एक रसोई गैस सिलेंडर

विकसित भारत संकल्प 2047 यात्रा शिविरों में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठावें

विक्रम सिंह जाखल
विधायक, नवलगढ़

आमजन से अपील

01. केन्द्र सरकार/राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन (DAY-NULM) का अधिक से अधिक लाभ उठावें

02. जन्म मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन घटना स्थल के रजिस्ट्रार द्वारा किया जाता है। अतः प्रत्येक जन्म, मृत्यु एवं विवाह का पंजीकरण करवायें।

02. नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 243 के तहत सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना दण्डनीय अपराध है। अतः सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नही करे।

04. नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 के अनुसार शहर में बिना पालिका स्वीकृति के निर्माण करना अवैधानिक है। आप पालिका की स्वीकृति लेकर ही निर्माण कार्य करें। रास्ते की भूमि पर बालकनी अनुज्ञेय नहीं है।

05. प्लास्टिक का उपयोग पयाज़्वरण एवं मनुष्य जीवन के लिए हानिकारक है। दिनांक 01 जुलाई 2022 से प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग भण्डारण एवं बिक्री पर पुर्णतया रोक लगाई गई है। अतः प्लास्टिक का उपयोग नही करें। जूट के थैले का उपयोग करें। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने शहर को स्वच्छ रखने में पालिका का सहयोग करे।

06. नगर पालिका क्षेत्र में अवैध हार्डिंग्स, फ्लेक्स व पोस्टर पालिका की स्वीकृति बगैर नहीं

07. अपने घर का गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर घर-या कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले कचरा बाहर डालने पर नियमानुसार कैरिंग चार्जेज वसूल किया जावेगा।

08. राज्य व केन्द्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं जैसे आयुष्मान भारत योजना, पालनहार योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, वृद्धावस्था / विधवा/ दिव्यांग पेंशन योजना व निशुल्क दवा योजना का लाभ उठावें

08. खुले में शोच ना करें। शौचालयों का प्रयोग करें।



मकर सक्रांति पर चाईनीज मांझे का उपयोग ना करें।

निवेदक :- समस्त पार्षदगण एवं स्टाफ नगर पालिका, नवलगढ़ (झुंझनूं)

शोयब खत्री
अध्यक्ष, नगरपालिका नवलगढ़

कैलाश चोटिया
उपाअध्यक्ष, नगरपालिका ,नवलगढ़

अनिल कुमार
अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका, नवलगढ़

## जरूरी खबर

### राम मंदिर ट्रस्ट के नाम पर लोगों के साथ ठगी: विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद ने रविवार को कहा कि कुछ लोग बिना किसी अनुमोदन के अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के नाम पर चंदा मांग रहे हैं और उसने इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्रालय से शिकायत करके ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लोगों को आगाह किया कि वे मंदिर के ट्रस्ट श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के नाम पर ठगी की कोशिश करने वाले लोगों से बचकर रहें।

### BSF व ITBP की कई बटालियन जाएंगी छत्तीसगढ़

**नई दिल्ली।** माओवादियों के खिलाफ अभियान तेज करने की रणनीति के तहत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 3,000 से अधिक कर्मियों की तीन बटालियन ओडिशा से छत्तीसगढ़ जाएंगी और इतनी ही संख्या में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की इकाइयां छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के गढ़ अबूझमाड़ के भीतरी इलाकों में जाएंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में कहा था कि भारत वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के कगार पर है। अभियान का नया खाका शाह की इसी योजना का हिस्सा है।

### दूतावास धमाका मामला स्पेशल सेल को सौंपा



**नई दिल्ली।** इजराइली दूतावास पर विस्फोट के मामले को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को ट्रांसफर कर दिया गया है। मामले की आगे की जांच स्पेशल सेल करेगी। इस सिलसिले में एफआईआर नई दिल्ली जिले के तुगलक रोड थाने में दर्ज की गई है। केंद्रीय एजेंसियों की शुरुआती अवलोकन रिपोर्ट भी स्पेशल सेल को सौंप दी गई है। बता दें कि इजराइली दूतावास के पास धमाका देसी बम से किया गया था। वारदात डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर दो सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पुलिस ने इसकी हार्ड डिस्क हासिल कर ली है। पुलिस की छह टीमें एक संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए एनसीआर में दबिश दे रही हैं। सीसीटीवी फुटेज में बम फटने से हुई रोशनी दिखी है।

## नववर्ष: रोशनी में जगमगाता उल्लास में डूबा श्रीनगर का लाल चौक



*श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नए साल के स्वागत के लिए व्यापक स्तर पर साज-सज्जा की गई। 31 दिसंबर की शाम लाल चौक रोशनी से सराबोर नजर आया। देश-दुनिया से आए सैलानियों में न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए काफी उत्साह दिखाई दिया।*

### मोदी का तमिलनाडु व लक्षद्वीप का दौरा 2 व 3 जनवरी को

**नई दिल्ली।** नए साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु और लक्षद्वीप का दौरा करेंगे। मोदी का यह दौरा 2 और 3 जनवरी को होगा। इस दौरान वह कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार पीएम मोदी 2 जनवरी को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली पहुंचेंगे और भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

प्रधानमंत्री विमानन, रेल, सड़क, तेल और गैस, जहाजरानी और उच्च शिक्षा क्षेत्रों से संबंधित 19,850 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। इसके बाद मोदी लक्षद्वीप के अगत्ती पहुंचेंगे, जहां वह एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

तीन जनवरी को प्रधानमंत्री लक्षद्वीप के कवारत्ती पहुंचेंगे, जहां वह लक्षद्वीप में दूरसंचार, पेयजल, सौर ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

## व्यापारिक जहाजों पर हमले के बाद नौसेना ने बढ़ाई निगरानी

# डिस्ट्रॉयर और फ्रिगेट्स किए तैनात, हर गतिविधि पर नजर

■ देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों की बढ़ाई सुरक्षा

एजेंसी | नई दिल्ली



लाल सागर और अरब सागर में हाल ही में कई व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के मद्देनजर भारतीय नौसेना ने निगरानी बढ़ा दी है। खासकर विशेष आर्थिक (ईईजेड) इलाके में विशेष तौर पर निगरानी की जा रही है। इसके तहत नौसेना ने रविवार को 'डिस्ट्रॉयर' और 'फ्रिगेट्स' युक्त वर्क फोर्स को तैनात किया है। वर्क फोर्स को समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने और किसी भी घटना की स्थिति में व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा मुहैया करा सकेंगे। नौसेना ने कहा है कि हाल ही में लाल सागर, अदन की खाड़ी और सेंट्रल और उत्तरी अरब सागर में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की कई घटनाएं हुई हैं। ऐसे में इस अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा और निगरानी के लिए नौसेना ने कई कदम उठाए हैं। नौसेना ने बताया 'डेस्ट्रॉयर और फ्रिगेट्स से लैस टास्क ग्रुप किसी भी जहाज पर हमले की स्थिति में ये तुरंत सक्रिय हो जाएंगे। साथ ही हवाई निगरानी के लिए लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान गश्त कर रहे हैं।

### तटरक्षक बल के साथ समन्वय

नौसेना के मुताबिक भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की प्रभावी निगरानी के लिए नौसेना तटरक्षक बल के साथ समन्वय कर रही है। राष्ट्रीय समुद्री एजेंसियों के साथ समन्वय में नौसेना हालत की बारीकी से निगरानी कर रही है। सुरक्षाबलों ने कहा, भारतीय नौसेना अरब सागर और ईईजेड क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि लाइबेरिया के झंडे वाले मालवाहक जहाज एमवी केम प्लूटो को बीते 23 दिसंबर को निशाना बनाया गया था। इस पर भारतीय चालक दल के 21 सदस्य सवार थे। भारत के पश्चिमी तट पर एमवी केम प्लूटो को ड्रोन से निशाना बनाया गया था।

### क्या होता है ईईजेड

ईईजेड समुद्र में एक एक्सक्लूसिव इकॉनोमिक जोन होता है, जो आमतौर पर किसी भी देश की समुद्री सीमा से 230 नॉटिकल मील का इलाका माना जाता है। ईईजेड की समुद्री सीमा के प्रत्येक संसाधन पर उस देश का हक होता है। इस इलाके में घुसपैठ या हमला उस देश की संप्रभुता पर हमला माना जाता है।

## मणिपुर में फिर हिंसा

# उग्रवादियों का पुलिस बैरक पर हमला, चार पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर के सीमावर्ती शहर मोरे में उग्रवादियों ने शनिवार रात मणिपुर पुलिस कमांडो पर उनके बैरक के अंदर हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी)दागे। इस हमले में चार कमांडो घायल हुए हैं। हमले में पुलिस बैरक क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि घायल चार कमांडो को मामूली चोटें आई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने एक दिन में दो बार हमले किए। सबसे पहले शनिवार दोपहर इम्फाल-मोरेह राजमार्ग से गुजर रही मणिपुर कमांडो की एक इकाई पर हमला किया गया था। काफिले पर भारी गोलीबारी की चपेट में आने से एक कमांडो घायल हो गया। इसके बाद शनिवार आधी रात को पुलिस बैरक में दूसरा बड़ा हमला हुआ जिसके लिए रॉकेट लांचर का इस्तेमाल किया गया।

### पहाड़ियों में छिपकर हमले

एक अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने पहाड़ियों में छिपकर हमले किए हैं। रात के अंधेरे में छिपकर बैरकों पर लगभग आधे घंटे तक गोलीबारी की। चारों कमांडो को असम राइफल्स के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। घटना के बाद असम राइफल्स के शीर्ष अधिकारी भारत-म्यांमार सीमा के पास सीमावर्ती शहर मोरेह गए। मणिपुर में कई महीने से चली आ रही शांति शनिवार सुबह उस समय बाधित हो गई जब मैतेई और कुकी गांव के गुटों के बीच गोलीबारी हुई।

## आतंक के खिलाफ बड़ा कदम

# केंद्र ने तहरीक-ए-हुर्रियत को आतंकी संगठन किया घोषित

एजेंसी | नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह तहरीक-ए-हुर्रियत (टीईएच) रविवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि टीईएच को को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने और भारत विरोधी दुष्प्रचार के चलते उसे प्रतिबंधित घोषित किया गया है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, यह संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की गतिविधियों में शामिल है। गृह मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की आतंक को लेकर जीरो-टोलरेंस की नीति है।

पाकिस्तान समर्थक इस समूह का नेतृत्व पहले दिवंगत अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के हाथों में था। इसके बाद इसका नेतृत्व मसर्रत आलम भट के पास आ गया। भट को भारत विरोधी और पाकिस्तान के समर्थन में एजेंडा चलाने के लिए जाना जाता है।

### बीएचयू छात्रा से दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी के लंका थाना इलाके में स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आईआईटी की एक छात्रा के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म और वीडियो बनाये जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बाद मं उनको अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

दूसरी ओर विपक्षी दलों खासतौर से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने आरोपियों का सत्तारूढ़ भाजपा से संबंध होने का आरोप लगाया है।

## रक्षा मंत्री का संबोधन



*तेजपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को असम के तेजपुर में तेजपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने सैन्य उपकरणों के बढ़ते निर्यात की जानकारी दी।*

## मन की बात के 108 वें एपिसोड का प्रसारण

# देश विकसित भारत की भावना से ओत-प्रोत: पीएम

## सद्गुरू जग्गी वासुदेव, हरमनप्रीत कौर, आनंद और अक्षय कुमार ने बताए फिटनेस के मंत्र

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के वर्ष 2023 ल के आखिरी एपिसोड को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश विकसित भारत और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है और इस भावना तथा गति को 2024 में भी बनाए रखना है। पीएम ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया और 'फिट इंडिया' के लिए कई अनूठे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में सद्गुरू जग्गी वासुदेव, महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर, शतरंज प्लेयर विश्वनाथन आनंद और एक्टर अक्षय कुमार के ऑडियो संदेश भी सुनवाए। इन लोगों ने अपनी फिटनेस का राज बताते हुए युवाओं को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। पीएम ने देशवासियों से फिट इंडिया मूवमेंट को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 108 अंक का भारत की प्राचीन मान्यताओं और परंपराओं में अहम स्थान है। उन्होंने इसका महत्व भी बताया। उन्होंने कहा कि भारत इनोवेशन का हब बन रहा है ये 140 करोड़ भारतीयों की ताकत है कि इस वर्ष हमारे देश ने कई विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं।



### भारतीय योग परंपरा में मानसिक स्वास्थ्य का राज: वासुदेव

पीएम मोदी ने सद्गुरु के मैसेज को सुनवाया जिसमें सद्गुरू ने कहा कि आंतरिक मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए शरीर के अंदर की स्थिति को हमेशा बेहतर बना कर रखना होगा। इसके लिए योग प्रणाली में अभ्यास के कई स्तर हैं जो पूरी तरह से आंतरिक प्रक्रियाएं हैं जिन्हें लोग आसान अभ्यास के रूप में कर सकते हैं। योग विज्ञान में मानसिक स्वास्थ्य के सारे उपाय है, जो भारतीय योगी परंपरा के रूप में सदियों से मौजूद हैं।

### अक्षय कुमार-हरमनप्रीत ने बताए फिट रहने के गुर

एक्टर अक्षय कुमार ने युवाओं से कहा कि फिल्म स्टार्स को कॉपी न करें फिट रहने के पारंपरिक तरीकों से जुड़ें। बहुत जरूरी है फिटनेस 2 मिनट की मैगी या इंस्टेंट कॉफी नहीं है। हरमनप्रीत ने कहा कि रोजाना व्यायाम और 7 घंटे की पूरी नींद शरीर के लिए बहुत जरूरी है और ये फिट रहने में मदद करती है। इसके लिए बहुत अनुशासन और निरंतरता की जरूरत होगी। जब आपको इसका रिजल्ट मिलने लग जाएगा तो आप हर रोज खुद ही व्यायाम करना शुरू कर देंगे।

## झांकियों पर रार: रक्षा मंत्रालय ने कहा...

# पंजाब, दिल्ली व बंगाल की झांकी विषय के अनुरूप नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल की झांकिया इस बार गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा नहीं होंगी। इस मुद्दे पर आलोचना का सामना कर रहे रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उनकी झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल नहीं किया गया, क्योंकि वे इस साल की झांकी के व्यापक विषयों के साथ मेल नहीं खाती थीं। पंजाब और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों की प्रतिक्रियाओं का हवाला देते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए झांकियों के चयन के लिए एक स्थापित प्रणाली है। रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी), केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की झांकी का प्रस्ताव आमंत्रित करता है। पंजाब और पश्चिम बंगाल सहित 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने इसमें भाग लेने की इच्छा जताई थी।

विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले दो दौर में पंजाब की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। लेकिन झांकी इससे संबंधित विषयों के अनुरूप नहीं होने के कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका ।इसी प्रकार पश्चिम बंगाल की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। लेकिन विषय के अनुरूप नहीं होने के कारण दूसरे दौर की बैठक के बाद इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

### किसी ने फैमिली मेंबर्स के साथ, तो किसी ने दोस्तों के साथ किया सेलिब्रेट नववर्ष का स्वागत

# मस्ती भरे मन से जयपुराइट्स ने एंजॉय किया-HAPPY NEW YEAR-2024



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स ने 2024 का वेलकम अपने-अपने अंदाज में किया। किसी ने फेमिली मैंबर्स के साथ तो किसी ने दोस्तों के साथ क्लब्स और रूफ टॉप पर बॉलीवुड हिट्स नंबर्स पर जश्न मनाते हुए नए साल का स्वागत किया। दूसरी ओर मंदिरों में भी विशेष आयोजन हुए, जिसमें कल्चरल इवेंट और स्किट्स आदि खास रहे। ऐसे में जैसे ही सूइयां 12 के नंबर्स पर पहुंची हर कोई हेप्पी न्यू ईयर बोलता दिखाई दिया तो किसी ने जयघोष के साथ बधाई दी। जयपुर के एलीट क्लब्स से लेकर हर होटल और पब आदि भी देशी-विदेशी गेस्ट से आबाद रहे। हर किसी ने डांस फ्लोर पर कदम ताल मिलाते हुए डांस को एंजॉय किया और नए साल का स्वागत किया। जयपुर और जय क्लब में शहर के एलीट लोग पहुंचे और मैंबर्स के साथ कुछ स्पेशल गेस्ट भी दिखाई दिए। फेमिली मैंबर्स ने डांस के साथ कई देशी-विदेशी डिशेज को एंजॉय किया। यहां स्पेशल थीम्स रखी गई थीं, जिसके साथ लोगों ने नए साल का जश्न मनाया।

## कृष्ण बलराम मंदिर में विशेष आयोजन

हरे कृष्ण मूवमेंट के श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में नए वर्ष का स्वागत अदभुत तरीके से किया गया। 'शुभारम्भ' कार्यक्रम में जयपुर के लाखों लोगों ने शिरकत की और श्री श्री कृष्ण बलराम का आशीर्वाद लेकर नए वर्ष की भक्तिमय शुरुआत की। मंदिर के सुधर्मा हॉल में कई तरह के भक्तिमय कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ मंत्रमुग्ध करने वाला कीर्तन भक्तों में आनंद का भाव दे गया।



कार्यक्रम में भक्तों के मनोरंजन के लिए कत्थक नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति हुई, जिसे देखकर हर कोई आश्चर्य चकित रह गया। भक्तिमय ड्रामा और स्किट हर उम्र के लोगों के लिए खास रही। आधी रात को नए साल का आगाज कीर्तन और आरती से किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान आर जे ने भी शुभारम्भ में लोगों का मनोरंजन किया।

## राजस्थानी लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में नववर्ष की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों ने डीजे पर थिरकते हुए नववर्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, विशिष्ट अतिथि हवामहल विधायक महंत बाल मुकुन्द आचार्य, भाजपा कला साहित्य, पर्यटन प्रकोष्ठ सहसंयोजक शालिनी शर्मा रहे। क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा, महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि कोषाध्यक्ष राहुल गौतम के



संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में नेहा रोहिल्ला एण्ड पार्टी के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। लोक कलाकार मिनाक्षी सैन ने फिल्मी गीतों पर नृत्यों की विशेष प्रस्तुति दी। उपाध्यक्ष विजेन्द्र जायसवाल, राहुल भारद्वाज एवं कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मोनिका शर्मा, अनिता शर्मा, दिनेश कुमार सैनी, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, सन्नी आत्रेय, नमोनारायण अवस्थी, विकास आर्य, उमंग माथुर, ओमवीर भार्गव दिनेश कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

## चलेगा जुगलबंदी का जादू



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी की फिजा रॉक स्टार और धोद ग्रुप की जुगलबंदी से सरोबार होने जा रही है, क्योंकि धोद ग्रुप नए साल में फ्रांसिसी रॉक स्टार यारोल पौपौड के साथ धोद ग्रुप जेकेके के मुक्ताकाशी मंच पर पेश होगा। जहां जयपुराइट्स नए साल की पहली शाम को ठंडी हवाओं के बीच इस प्रस्तुति का आनंद उठाएंगे। सोमवार को केंद्र की ओर से आयोजित धोद जिप्सी ऑफ राजस्थान 'न्यू ईयर म्यूजिकल इवनिंग'में भारतीय श्रोताओं के लिए यह एक अलग तरह का अनुभव होगा। इस दौरान लोक कलाकारों के साथ पॉप और रॉक स्टार यारोल परफॉर्म करेंगे। यारोल का भारत में यह दूसरा कॉन्सर्ट है। इससे पहले 28 से 30 दिसंबर तक उदयपुर के शिल्पग्राम में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति दी थी। वे आमतौर पर वे पारंपरिक संगीतकारों के साथ प्रस्तुति नहीं देते हैं। यह पहली बार है कि रॉक एंड रोल और पारंपरिक राजस्थानी संगीत ग्रुप धोद बैंड की प्रस्तुति होने जा रही है।

## 'राग- रंग 2024' का प्रसारण



**बेधड़क. जयपुर।** डीडी राजस्थान द्वारा दर्शकों के लिए निर्मित नव वर्ष विशेष कार्यक्रम 'राग- रंग 2024' का प्रसारण रविवार को किया गया। दूरदर्शन केंद्र जयपुर की कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय ने बताया कि राजस्थान के लोक संगीत और नृत्यों पर आधारित इस कार्यक्रम में युवा कलाकारों को अवसर दिया गया। कार्यक्रम प्रमुख ने बताया कि विशेष कार्यक्रम 'राग- रंग 2024' का निर्माण एवं निर्देशन डीडी राजस्थान के तीन प्रोड्यूसर वीरेंद्र कुमार परिहार, चेतन प्रकाश और राजसिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए इसमें कत्थक एवं लंगा शैली के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में राजस्थानी सांस्कृतिक विरासत एवं सांगीतिक धरोहर के दर्शन होते हैं।

## कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



**बेधड़क. जयपुर।** सामूहिक विवाह आयोजन समिति गुर्जर समाज, जयपुर की नवनियुक्त कार्यकारिणी का रविवार को समिति कार्यालय पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सामूहिक विवाह आयोजन समिति में अध्यक्ष गोविंद सिंह गुर्जर पोसवाल, महामंत्री नवरत्न गुर्जर बारवाल, कोषाध्यक्ष, पुष्पेंद्र पाल सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश लोमोड एडवोकेट, उपाध्यक्ष राम प्रताप चेची, सयुक्त मंत्री सूरज धाभाई, जीवन राम मावरी, जितेंद्र कुमार चेची, अनिल दोराता, सलाहकार छाजूराम चंनदीजा, सीताराम कसाना, अर्जुन सराधना, रामजी लाल भड़ाना, प्रचार मंत्री रामचंद्र नेकाडी, राजेंद्र दौराता, किशन चावड़ा, विनोद बारवाल ऑडिटर, मोहनलाल लांगड़ी ने शपथ ली। इसके साथ ही कार्यालय मंत्री रमेश कुकसवाल, प्रवक्ता संजीव दोराता, संगठन मंत्री जगदीश अंनदाना, नाथूराम भूमला, देवकीनंदन घुरैया, देवाशीष डोई, हनुमान चौहान, नरेश पोसवाल, देवकरण गोवलिया एडवोकेट, जगदीश कोली, मोहन दोराता, रामफुल कसाना, कार्यकारिणी सदस्य रतनलाल हांकला, रविंद्र ऊमरवाल, विकास लोमौड़, रवींद्र कसाना, लोकेश खटाना, कानाराम बारवाल, कन्हैयालाल ठेकला, मनोज पोसवाल, भगवान पोसवाल, गोपाल डोई, राधेश्याम पोसवाल, संरक्षक मंडल में कन्हैयालाल छावड़ी, गोविंद नारायण हांकला, रूपनारायण मुक्कड़, मोहनलाल बागड़ी, रामेश्वर दयाल मनकस, विनोद कसाना, फतेह सिंह डोई, चंद्रशेखर बसवा, रामधन चेची, नाथूराम तंवर, पदम कसाना, कैलाश रग्गल, गंगाराम चांदना, शंकर सिंह बजाड़ को शपथ दिलाई गई।

## 1100 दीपकों से महाआरती



**बेधड़क, जयपुर।** न्यू सांगानेर रोड प्रजापति विहार कॉलोनी के पटेल मार्ग मंदिर श्रीचिंता हरण काले हनुमान मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज के सानिध्य में चमेली के तेल व पंचामृत व सुगंधित फूलों के रस से अभिषेक किया गया। हनुमानजी को नवीन चौला धारण करा कर भव्य नवीन पौशाक धारण कराई गई। भगवान की फूलों की झांकी सजाकर हलवे का भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में महेश मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ व श्रीराम के भजन गाए गए। संत-महंतों ने हनुमानजी महाराज की विशेष पूजा कर महाआरती की।

# City इवेंट्स

## एल्युमिनाई मीट में याद आए स्कूल डेज



**बेधड़क. जयपुर।** पुराने साथी जब मिले तो सुनहरी यादों का गुलदस्ता खिल उठा। सबने अपनी क्लास रूम बातों को याद किया। मौका था शास्त्री नगर स्थित सरस्वती शिशु निकेतन सैकंडरी स्कूल में श्री स्मृतियां: एल्यूमिनाई मीट-2023 का, जो साइंस पार्क में आयोजित हुई। लगभग 250 एल्युमिनाई इस मौके पर एक मंच पर आए। पुराने स्टूडेंट्स ने कैंपस से जुड़े अनुभव सुनाए और पुराने गानों पर डांस करते हुए खुशियां बांटी। सभी स्कूल गए और क्लास में रूप में बैठकर पुराने पलों को याद किया। इस मौके पर टीचर्स रेनू, कमलेश आदि को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका डॉक्टर अंजना बंसल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जागेंद्र तांबी, अरविंद और सुनीता जैन तथा स्टाफ को मोटिवेट किया।

## भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान में गूंजे जयकारे



**बेधड़क. जयपुर।** सांगानेर स्थित श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी में 48 दीपकों से ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान का संगीतमय आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में भगवान आदिनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। स्त्रोत दीप महार्चना का जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा व अन्यों ने भगवान महावीर स्वामी व भगवान आदिनाथ के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। गायक सुशील झांझरी, मुकुल बड़जात्या व शिखर चन्द जैन ने भक्तिमय प्रस्तुति दी। श्रद्धालुओं ने संगीत पर झूमते 48 काव्यों पर भक्ति नृत्य किए। अंत में भक्तामर महिमा व भगवान आदिनाथ की आरती के साथ समापन किया गया।

## भगवान प्राप्ति का दिया ज्ञान



**बेधड़क. जयपुर।** अग्रवाल सेवा सदन में राम कथा में आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री ने मां सती चरित्र, मां पार्वती का जन्म और तप, शिवजी का वैराग्य तथा शिव विवाह पर अलौकिक ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने बताया कि तप और प्रेम से भगवान को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। यह सब राम कथा के श्रवण से ही संभव है। शिव पार्वती विवाह में इस अवसर पर विशेष झांकियों के साथ भक्तों ने गायन किया। शिव का वैराग्य, माता पार्वती की प्रेम परीक्षा, कामदेव का दहन और शिव पार्वती विवाह का विस्तार से वर्णन किया गया। भक्तों ने भक्ति रस में डूब कर ज्ञान का प्राप्त किया।

### शोभायात्राओं से छोटी काशी हुई भक्तिमय

# अयोध्या से पूजित पीले अक्षत घर-घर पहुंचाकर दिया न्योता



**बेधड़क | जयपुर**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां देश भर में चल रही है। इसी क्रम में रविवार को शहर की अधिकतर बस्तियों में अयोध्या से पूजित पीले अक्षत घर-घर पहुंचाने के कार्यक्रम के तहत शोभायात्राएं निकल गईं। मानसरोवर नगर की 4 बस्तियों की सामूहिक शोभा यात्रा नीमड़ी के बालाजी से सुबह रवाना होकर इस्कॉन मंदिर तक पहुंची। शोभा यात्रा में लवाजमे के साथ-साथ 4 सजीव झांकियां व डीजे पर मधुर भजन गाते श्रद्धालु चल रहे थे। केशरिया साफे और राम पताका से पूरा वातावरण भगवामय हो गया।

कार्यक्रम में हर समिति की कलश यात्रा, डीजे, झांकियां और ढोल-नगाड़ों के साथ उपस्थित हुई। लगभग 4 हजार नागरिक सहभागी हुए और भक्ति भाव से माहौल को खुशनुमा बनाया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जयपुर महानगर प्रचार प्रमुख ने कहा कि राम मंदिर राष्ट्र मंदिर है। रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हर हिन्दू का सहभाग हो।

इसके लिए अक्षत देकर सभी को स्थानीय मंदिर पर आमंत्रित करें। यह दिन सभी के लिए दीपोत्सव होगा। इस्कॉन मंदिर के बाद चारों शोभा यात्राएं अपने-अपने बस्ती के मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई।

## विधायक गोपाल शर्मा का किया स्वागत



**जयपुर।** संपूर्ण विकास व एकता संस्थान की ओर से नवनिर्वाचित विधायक गोपाल शर्मा का स्वागत किया गया।

अध्यक्ष केदारनाथ शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में विधायक को साफा, शॉल, माला पहनकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी के सदस्य व पदाधिकारी सुरेंद्र गुप्ता, रवि शंकर शर्मा, बालेंद्र कुमार शर्मा, अशोक उपाध्याय, भगवती शर्मा, आसाराम, सीताराम शर्मा, कमलेश शर्मा, जय किशन शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा व प्रेम नारायण अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित हुए

**जयपुर मैराथन** | यूथ होस्टल में ट्रेनिंग कैंप किक-ऑफ सेरेमनी का आयोजन

# गुलाबी ठंड में दौड़ लगाकर दिया अच्छे स्वास्थ्य का संदेश

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी ठंड और हल्के कोहरे के बीच रनर्स ने विधानसभा रोड से स्टेच्यू सड़क पर दौड़ लगाकर अच्छे स्वास्थ्य का संदेश दिया। साथ ही हेल्थ इज वेल्थ का प्रण लेकर 2023 को गुड बाय कहा।

मौका रहा वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित एयू जयपुर मैराथन की ओर से यूथ हॉस्टल में आयोजित ट्रेनिंग कैंप किक-ऑफ सेरेमनी का, जहां 100 से अधिक रनर्स ने ट्रेनिंग सेशन में भाग लिया और विधानसभा से लेकर स्टेच्यू सर्किल तक दौड़ लगाई। सेशन में फिटनेस ट्रेनर्स ने वॉर्मअप और जॉगिंग करने की ट्रिक्स बताई।




### जाने-माने रनर्स हुए शामिल

सेशन में जयपुर के कई जाने-माने रनर्स ने भाग लिया और अन्य लोगों को ट्रेनिंग सेशन दिए। मुकेश मिश्रा ने बताया कि किक-ऑफ समारोह 4 फरवरी 2024 को होने वाली मैराथन की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि मैराथन के लिए तैयार हो रहे हैं और इस अविश्वसनीय यात्रा में आप सभी हमारे साथ शामिल होने को तैयार रहे। अनुभवी धावक हों या फिर शुरुआत कर रहे हों, मैराथन फिटनेस में सुधार करने और रनिंग के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक आदर्श मंच है।

### 7 जोन में ट्रेनिंग सेंटर्स का पोस्टर विमोचन

आगामी मैराथन की तैयारियों के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में बनाए गए ट्रेनिंग सेंटर के पोस्टर्स का विमोचन भी किया गया। इसी कड़ी में सेंट्रल पार्क, जवाहर सर्किल, वैशाली नगर, श्याम नगर, विद्याधर नगर, मानसरोवर और जलमहल सहित सात जोन बनाए गए हैं। जयपुर रनर्स के जोनल डायरेक्टर्स मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 6 किमी, 10 किमी 42 और 21 किमी की रनिंग के मैथर्ड के साथ रनिंग में रखने वाली अन्य सावधानियों के गुर सिखाएंगे। 15वीं मैराथन 4 फरवरी को होगी।



सहनशील होना अच्छी बात है, परन्तु अन्याय का विरोध करना उससे भी उत्तम है

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## न्यूजीलैंड में सबसे पहले नए साल का जश्न...



*पूरी दुनिया नए साल का स्वागत कर रही है। कुछ ऐसे भी देश हैं जहां भारत से कुछ घंटे पहले ही 2024 का वेलकम किया गया। सबसे पहले भारतीय समय के मुताबिक 31 दिसंबर की शाम 4:30 बजे न्यूजीलैंड में नए साल का जश्न मनाया गया। वहां नए साल पर 12 बजते ही Sky Tower में आतिशबाजी शुरू हो गई। पूरा आसमान रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगा गया। इसके साथ ही नए साल का जश्न जापान और ऑस्ट्रेलिया में मनाया गया।*






## अमेरिका-ब्रिटेन ने संभाला समुद्री रास्ते की सुरक्षा का जिम्मा

# लाल सागर में हूतियों पर अमेरिका का प्रहार

■ जहाज हाईजैक करने वालों की समुद्र में बना दी कब्र


■ नावों के जरिए जहाज पर चढ़ने की कर रहे थे कोशिश

### हमले के बाद रोक दिया गया जहाजों का संचालन

**एजेंसी** | वाशिंगटन

लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए अमेरिका ने बड़ी कार्रवाई की है। अमेरिकी नौसेना ने हूती विद्रोहियों की छोटी नावों को तबाह कर दिया है। इन नावों के जरिए एक कंटेनर जहाज पर चढ़ने की कोशिश की जा रही थी।

अमेरिकी सेना ने कहा कि यमन में हूती नियंत्रित क्षेत्रों से चार नावों से मेर्स्क हांग्जो जहाज पर गोलीबारी की गई। नाव जहाज के बेहद करीब पहुंच गईं। जहाज की ओर से इस हमले का मैसेज पास के अमेरिकी युद्धपोतों को पहुंचा। इनसे उड़े हेलिकॉप्टर ने अत्मरक्षा में तीन नावों को डुबो दिया। इस हमले में नाव पर सवार सभी विद्रोही मारे गए। एक नाव इलाके से भागने में कामयाब रही। नवंबर से लगातार हूती लाल सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। गाजा पर हमले के जवाब में हूती विद्रोही इजराइल से जुड़े जहाजों पर हमला कर रहे हैं। अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने कहा कि जिस वाणिज्यिक जहाज मेर्स्क हांग्जो पर हमला हुआ वह सिंगापुर में रजिस्टर है। वहीं इसका स्वामित्व डेनमार्क की फर्म के पास है जो इसका संचालन करती है। हमले के बाद मेर्स्क ने लाल सागर के मध्य से जहाजों का संचालन 48 घंटे के लिए रोक दिया है।



#### हेलिकॉप्टर से पहुंची मदद

चार हूती नावों ने यमन के समय के मुताबिक सुबह 6:30 बजे हमला किया। इस दौरान नाव पर बंदूक लगी थी। इसके साथ ही वह छोटे हथियारों से हमला कर रहे थे। हमला करते हुए वह जहाज के 20 मीटर करीब तक पहुंच गए। विद्रोहियों ने इतने करीब पहुंचकर जहाज पर चढ़ने की कोशिश की। बयान में अमेरिका ने कहा कि जहाज के चालक दल के संकट कॉल के बाद एक सुरक्षा दल ने जवाबी कार्रवाई की। पास के यूएसएस आइजनहावर विमान वाहक और यूएसएस ग्रेवली विध्वंसक ने हेलिकॉप्टर के जरिए मदद भेजी।

#### तीन नावों को डुबोया

छोटी नौकाओं ने वॉर्निंग जारी करने के क्रम में गोलीबारी की। सेंट्रल कमांड के मुताबिक हेलिकॉप्टरों ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। इससे चार छोटी नौकाओं में से तीन डूब गईं और चालक दल के सदस्य मारे गए। चौथी नाव भागने में कामयाब रही। अमेरिकी कर्मियों और उपकरणों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। 24 घंटे में मार्स्क हांगझू पर यह दूसरा हमला है। हूती विद्रोहियों की ओर से अमेरिकी युद्धपोतों पर एंटी शिप मिसाइल दागी गई थी।

### 9 जनरलों को संसद से किया बर्खास्त

**बीजिंग।** चीन की संसद से जनवादी मुक्ति सेना के नौ वरिष्ठ जनरल को बर्खास्त कर दिया गया है। इनमें रॉकेट बल के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। 'शिन्हुआ' के मुताबिक देश की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस से बर्खास्त अधिकारियों में पीएलए के रॉकेट बल के पांच शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं जो देश के परमाणु हथियारों के घटक मिसाइल प्रभाग का कामकाज देखते थे।






#### यूएई में खुली किस्मत

## पाक का युवक एक रात में बना अरबपति

**एजेंसी** | दुबई

संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले पाकिस्तान के एक शख्स की किस्मत रातोंरात चमक गई। मोहम्मद इनाम नाम के इस शख्स ने 15 मिलियन दिरहम का जैकपॉट पुरस्कार जीता है। इस्लामाबाद के रहने वाले मोहम्मद इनाम अमीरात ड्रॉ में इजी-6 गेम जीतने के बाद करोड़पति बन गए।

पाकिस्तान के लिहाज से वह अरबपति हो गए हैं। एक दिरहम करीब 77 पाकिस्तानी रुपए के बराबर है। ऐसे में अगर मोहम्मद को मिले 15 मिलियन दिरहम को पाकिस्तानी रुपए में बदला जाए तो पुरस्कार राशि एक अरब, 15 करोड़ से ज्यादा होती है। इस्लामाबाद में पैदा हुए मोहम्मद इनाम यूएई के अबू धाबी में एक निजी फर्म में फाइनेंस ऑडिटर के तौर पर काम करता है। मोहम्मद इनाम ने पुरस्कार जीतने के बाद खुदा का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वह इस राशि से सबसे पहले मक्का और मदीना जाएगा और वहां जाकर वह हज करेगा। इनाम का कहना है कि सबसे पहले पत्नी को उन्होंने ये बताया तो उसकी भी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।




#### दो साल से खरीद रहा है टिकट

इनाम ने बताया कि दो साल पहले, 2021 में सोशल मीडिया पर एक विज्ञापन देखने के बाद उन्होंने लॉटरी टिकट खरीदना शुरू किया था। अब उनको ये पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि अब उनके सभी सपने पूरे हो जाएंगे। इनाम ने कहा कि मुझे याद भी नहीं था कि मैंने कौन से नंबर चुने हैं। अगर मैंने उन पर ध्यान दिया होता, तो मैं इस चयन में भाग नहीं लेता, क्योंकि मैंने लगातार 14 और 15 को चुना। जब पुरस्कार मिलने के बारे में पता चला तो विश्वास ही नहीं हुआ। कुछ देर तक तो लगता रहा कि जैसे ये कोई सपना है। मोहम्मद को अमीरात ड्रा में ये पुरस्कार मिला है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl